


# तरुण छत्तीसगढ़




e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026
वर्ष 36 अंक 111 | कोरबा, मंगलवार, दिनांक 21 जनवरी 2025 डाक 22 जनवरी 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**

श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के साधुओं ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान पट्टाभिषेक अनुष्ठान किया



**देश-विदेश**

नरेन्द्र मोदी करेंगे ताबड़तोड़ तीन चुनावी रैलियां, बीजेपी ने बनाया बड़ा मास्टर प्लान



**फीचर**

बदबूदार सांसों से छुटकारा दिलाएंगे ये 10 घरेलू नुस्खे, डॉक्टर के मुताबिक आठवां तरीका सबसे आसान



# गरियाबंद मुठभेड़ में अब तक 19 नक्सलियों के शव बरामद, एक करोड़ का इनामी नक्सली भी ढेर

**गरियाबंद, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



छत्तीसगढ़ के गरियाबंद में सोमवार को हुई मुठभेड़ में 19 नक्सली मारे गए हैं। सर्च ऑपरेशन जारी है और माना जा रहा है कि अभी और शव मिल सकते हैं। वहीं, नक्सली भी रुक-रुक कर गोलीबारी कर रहे हैं। सुरक्षाबलों ने मैनपुर थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। इसी दौरान 19 नक्सलियों के शव मिले। मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। मनोज एक करोड़, तो गुड्डू 25 लाख रुपए का इनामी था। मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था।

इसी तरह 1 करोड़ का इनामी नक्सली केंद्रीय कमेटी मेंबर जयराम उर्फ चलपती भी मारा गया है। मरने वालों में महिला नक्सली भी शामिल हैं। अन्य नक्सलियों की पहचान की जा रही है। नक्सलियों के पास से एसएलआर राइफल और ऑटोमेटिक हथियार बरामद हुए हैं। मुठभेड़ के बाद सर्च ऑपरेशन के लिए श्व30, कोबरा 207, सीआरपीएफ 65 एवं 211 बटालियन, एसओजी नुआपाड़ा की संयुक्त पार्टी रवाना हुई थी।मारे गए नक्सलियों में सेंट्रल कमेटी का सदस्य मनोज और स्पेशल जोनल कमेटी सदस्य गुड्डू भी शामिल हैं। मनोज ओडिशा राज्य प्रमुख भी था। नारायणा अस्पताल में भर्ती जवान की हालत स्थिर है। मुठभेड़ मैनपुर थाना क्षेत्र में कुल्हाड़ी घाट स्थित भालू डिग्गी जंगल में हुई थी।

सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच सुबह से रुक-रुककर फायरिंग जारी थी। मौके से तीन आईईडी और एक स्वचालित राइफल बरामद की गई थी। सुरक्षाबलों ने छत्तीसगढ़ और ओडिशा की सीमाओं पर संयुक्त ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की है। इसमें 10 टीमों ने भाग लिया है। ऑपरेशन देर शाम तक चलता रहा। ड्रोन की मदद से नक्सलियों की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी, जिससे सुरक्षा बलों को उनके मूवमेंट का अनुमान लगाने में मदद मिली।

### सौरभ शर्मा की काली कमाई के महाराष्ट्र से जुड़े तार

# छापे में ईडी को मिली 42 लाख नकदी, 12 लाख और 9.9 किग्रा चांदी



**भोपाल, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

मध्य प्रदेश परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा की काली कमाई के तार पुणे (महाराष्ट्र) से भी जुड़ गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने भोपाल और ग्वालियर के अतिरिक्त पुणे में भी आठ स्थानों पर छापेमारी की थी। सूत्रों का कहना कि सौरभ के पुणे में निवेश का पता चला था। इस कारण वहां एक जगह पर छापा मारा गया। सभी जगह मिलाकर टीम को 42 लाख रुपये की नकदी मिली है। इनमें से अघोषित 12 लाख रुपये जब्त कर लिए गए हैं। बाकी 30 लाख रुपये फ्रीज किए गए हैं यानी इसके उपयोग पर रोक लगा दी गई है। जांच पूरी होने के बाद ही इस राशि को मुक्त या जब्त करने का निर्णय लिया जाएगा। इसके अतिरिक्त सभी जगह से 9.9 किलो चांदी भी जब्त की गई है, जिसकी कीमत नौ लाख 17 हजार आंकी गई है। तलाशी के दौरान डिजिटल डिवाइस और संपत्ति के दस्तावेज भी जब्त किए गए।इनकी जांच में बड़ी जानकारियां सामने आ सकती हैं।

ईडी ने ग्वालियर में फर्म एवं सोसायटी के पूर्व उप पंजीयक व अधिवक्ता केके अरोरा और भोपाल में कैंसर विशेषज्ञ डॉ. श्याम अग्रवाल के यहां भी छापा मारा था। केके अरोरा को सौरभ के मौसेरे बहनोई विनय हसवानी का करीबी बताया जा रहा है। आशंका है कि सौरभ ने अपनी काली कमाई को ठिकाने लगाने के लिए इनका इस्तेमाल किया है। नवोदय कैंसर अस्पताल में सौरभ की अवैध कमाई का पैसा लगे होने के संदेह में छापा मारा था। सभी जगह से ईडी निवेश ने संबंधी दस्तावेज जब्त किए थे, जिनका परीक्षण किया जा रहा है। सौरभ के विरुद्ध लोकायुक्त पुलिस में आय से अधिक संपत्ति के मामले में दर्ज एफआईआर के आधार पर ईडी ने प्रकरण कायम किया है। इसकी जांच में ईडी को पता चला कि सौरभ ने अपने परिवार के सदस्यों और संबंधित फर्मों व कंपनियों के नाम पर करोड़ों रुपये की अनुपातहीन संपत्ति अर्जित की है।

# फेमस प्रोड्यूसर के घर इनकम टैक्स विभाग का छापा

**हैदराबाद।** आयकर विभाग ने हैदराबाद में फिल्म प्रोड्यूसर दिल राजू के ऑफिस और घरों समेत उनकी संपत्तियों पर छापेमारी की है। सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी उनके रिश्तेदारों के घरों समेत आठ अलग-अलग जगहों पर की गई है। दिल राजू, जिनका असली नाम वेलमकुचा वेंकट रमना रेड्डी है, एक तेलुगु फिल्म डिस्ट्रब्यूटर और प्रोड्यूसर हैं। वह श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स नामक एक प्रोडक्शन कंपनी के मालिक हैं। हाल ही में उन्हें राज्य सरकार द्वारा तेलंगाना फिल्म विकास निगम का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। दिल राजू के सभी परिसरों की तलाशी की जा रही है।

जानकारी के मुताबिक आयकर विभाग की 65 टीमें छापे मार रही हैं। जनवरी में दिल राजू ने दो फ़िल्में बनाई थीं। जहां पैन-इंडिया फिल्म गेम चेंजर ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, वहीं उनकी दूसरी रिलीज़, संक्रांतिकी वस्तुन्नम, कई रिकॉर्ड तोड़ रही है और अच्छी कमाई कर रही है।

# ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद शेयर बाजार क्रैश, सेंसेक्स और निफ्टी में भारी गिरावट

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



शेयर मार्केट एक्सपर्ट आशंका जता रहे थे कि डोनाल्ड ट्रंप के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद दुनियाभर के बाजारों में बड़ी हलचल देखने को मिल सकती है। भारतीय बाजार में कुछ ऐसा ही देखने को मिला। सेंसेक्स और निफ्टी में करीब 1 फीसदी की गिरावट आई है। हालांकि, अभी राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने चीन और बाकी देशों पर सख्त टैरिफ लगाने जैसा कोई ऐलान नहीं किया। लेकिन इसकी आशंका लगातार बनी हुई है। भारतीय शेयर बाजार ने सतर्क शुरुआत की। सुबह दोनों सूचकांक लगभग सपाट कारोबार कर रहे थे। सुबह 9.18 बजे तक निफ्टी 50 0.25 फीसदी ऊपर था, जबकि 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 0.09 फीसदी ऊपर था।

प्री-ओपन के समय, एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स इंडेक्स 188 अंक या 0.24 फीसदी बढ़कर 77,261 पर था, जबकि एनएसई निफ्टी 50 76 अंक या 0.33 फीसदी बढ़कर 23,421 पर था। हालांकि, करीब 10.30 बजे 812.40 अंक यानी 1.05 फीसदी गिरावट के साथ 76,261.04 पर ट्रेड कर रहा था। वहीं, 189.20 यानी 0.81 फीसदी की गिरावट के साथ 23,155.55 अंकों पर गया था।

# महिला पार्षद के अपहरण के आरोप में चार माकपा कार्यकर्ता हिरासत में



**केरल, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

पुलिस ने बताया कि सत्तारूढ़ मार्क्सवादी पार्टी की महिला पार्षद का अपहरण करने के आरोप में चार माकपा कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। अरुण मोहन (40), टोनी बेबी (34), प्रिंस वर्गीस (42) और साजिथ अब्राहम (40), सभी स्थानीय माकपा कार्यकर्ता हिरासत में हैं। अपहृत महिला कुट्टुकुलम नगर पालिका पार्षद है और उसे अपहरण के दिन ही शनिवार को मुक्त कर दिया गया। कुट्टुकुलम पुलिस थाने के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एफआईआर में पहचाने जाने वाले संदिग्धों को सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गिरफ्तार किया गया और विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि उनकी गिरफ्तारी दर्ज की जाएगी और उन्हें मंगलवार सुबह अदालत में पेश किया जाएगा। इस बीच, माकपा ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें महिला पार्षद ने कथित तौर पर कहा कि कांग्रेस ने उसे पार्टी द्वारा नियंत्रित सहकारी बैंक में अपना ऋण चुकाने का प्रस्ताव दिया था। कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूडीएफ द्वारा पुलिस की लापरवाही के आरोपों के बीच, अधिकारियों ने मुवत्तुपुझा के उप पुलिस अधीक्षक पी एम बैजू की जगह अलुवा के उप पुलिस अधीक्षक टी आर राजेश को तैनात किया।

## 1 करोड़ कैश कार से जब्त दुर्ग में पुलिस ने पकड़ा

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ में नगरी निकाय चुनाव का ऐलान हो गया है। जिसके साथ ही प्रदेश में अचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव आयोग ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस चुनाव की तारीखों का ऐलान किया है। जिसके बाद हर प्रदेश के सीमाओं पर चेक पोस्ट लगाया दिया गया है। इसी बीच पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने कार में तलाशी के दौरान एक करोड़ रुपए जब्त किए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मामला दुर्ग के अंजोरा चौकी थाना क्षेत्र का है। जहां चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस को एक कार से एक करोड़ रुपए नगदी मिला है।

## शस्त्र लाइसेंस निकाय चुनाव तक सस्पेंड

**रायपुर 21 जनवरी।** जिला दण्डाधिकारी एवं अनुज्ञापन प्राधिकारी डॉ गौरव कुमार सिंह ने आदेश जारी कर कहा है कि नगरीय निकाय/ त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन-2025 के निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन सुनिश्चित करने हेतु तथा लोक शांति की सुरक्षा हेतु साथ ही आम व्यक्ति की सुरक्षा हेतु सीमित अवधि के लिये रायपुर जिला सीमा क्षेत्र में आग्नेय शस्त्र लायसेंसधारियों से जमा करवा लेना उचित समझता हूँ ताकि चुनाव प्रक्रिया के दौरान भय एवं आतंक का वातावरण न हो सके तथा इन अस्त्र-शस्त्रों का दुरुपयोग होने से रोका जा सके। अतः आयुध अधिनियम, 1959 की धारा 17 उपधारा (3) के उप क्लॉज (बी) एवं धारा 21 तथा शस्त्र नियम 2016 के नियमों के तहत रायपुर जिला सीमा क्षेत्र के भीतर रहने वाले समस्त लायसेंसधारियों को निर्देशित करता हूँ कि वे अपने-अपने आग्नेय अस्त्र-शस्त्र नजदीकी पुलिस स्टेशन में जमा करें।

# बीजेपी ने बढ़ाई अरविंद केजरीवाल की टेंशन, नई दिल्ली सीट पर की घेराबंदी

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



इस बार विधानसभा चुनाव में दूसरी सीटों पर प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने के साथ-साथ आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल इस बार अपने विधानसभा क्षेत्र नई दिल्ली पर स्वयं भी ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। 20 जनवरी से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों के लिए केजरीवाल की जनसभाओं का दौर शुरू हो चुका है। अरविंद केजरीवाल ज्यादा मांग वाले विधानसभा क्षेत्रों एक-एक दिन में 3- 3 और 4- 4 विधानसभा क्षेत्रों में जनसभा और रोड शो करेंगे। जल्द ही इसे पूरा करेंगे और अंत के दिनों में अपने विधानसभा क्षेत्र में समय देंगे। विभिन्न प्रकार के आरोप प्रत्यारोपण अन्य मामलों को देखते हुए दिल्ली विधानसभा का चुनाव यह चुनाव पिछले तीन चुनाव से अलग दिख रहा है।आम आदमी पार्टी भी इस विधानसभा चुनाव को पूर्व के चुनाव की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण मान रही है। आप सभी सीटों पर सबसे पहले प्रत्याशी घोषित करने के बाद चुनाव प्रचार में अन्य दलों से आगे हैं। प्रत्याशियों के अलावा आप की ओर से हर विधानसभा क्षेत्र में रेवड़ी पर चर्चा कार्यक्रम कर दिल्ली भर में आम आदमी पार्टी सरकार की उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी गई है यह प्रक्रिया अभी भी चल रही है। इस सबके बीच आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक वह पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मांग अभी भी सभी विधानसभा क्षेत्र में अधिक है। सभी प्रत्याशी अपनी अपनी विधानसभा क्षेत्र में केजरीवाल की जनसभा चाहते हैं।मगर केजरीवाल उन्हें प्रमुख विधानसभा क्षेत्र में अपनी जनसभाएं करेंगे जहां पर उनकी ज्यादा जरूरत है।

कुछ विधानसभा क्षेत्र में आसपास के विधानसभा क्षेत्रों को मिलाकर एक ही जनसभा किए जाने की आपकी रणनीति है। केजरीवाल को लेकर दिल्ली भर में चुनाव प्रचार अभियान में इस बार यह भी बदलाव देखा जा रहा है कि दूसरे विधानसभा में समय देने के साथ-साथ केजरीवाल अपने विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार पर भी अधिक ध्यान दे रहे हैं।

# अग्निकांड के बाद महाकुंभ नगर में दुकानों पर छापेमारी, 55 अवैध सिलेंडर जब्त, होगी कार्रवाई



**महाकुंभ नगर।** महाकुंभ के सेक्टर 19 में अग्निकांड की घटना को लेकर अगले दिन को मेला क्षेत्र में छापेमारी की गई। पुलिस, प्रशासन और अग्निशमन विभाग के अधिकारियों की टीम ने कई रेस्टोरेंट में छापा मारा। इस दौरान परेड में त्रिवेणी मार्ग स्थित एक बड़े रेस्टोरेंट में 55 व्यावसायिक गैस सिलेंडर का अवैध भंडारण मिला जिसे जब्त कर लिया गया। रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई भी होगी। फूड जोन, फूड कोर्ट के साथ रेस्टोरेंट में भी छापा मारा गया। इसके साथ ही कई बड़े पंडालों में भी छानबीन की गई। त्रिवेणी मार्ग स्थित रेस्टोरेंट में अवैध रूप से गोदाम में सिलेंडर रखे गए थे। सभी सिलेंडर भरे हुए थे। इनके आवश्यक कागजात नहीं थे। एसडीएम ने बताया कि जांच में इन सिलेंडरों को अवैध पाया गया। रेस्टोरेंट संचालक को कड़ी चेतावनी दी गई और गैस एजेंसी संचालक को चेतावनी दी गई। उप निदेशक अग्निशमन विभाग ने बताया कि इन रेस्टोरेंट के साथ अन्य दुकानों में भी विभाग के कर्मचारी अब प्रतिदिन जांच करेंगे। महाकुंभ मेला के सेक्टर 19 में लगी आग की मजिस्ट्रेटी जांच शुरू हो गई है। जांच अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट शिवेंद्र वर्मा ने राजस्व विभाग, अग्निशमन विभाग तथा आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पड़ताल शुरू कर दी। उन्होंने कितने टेंट जले, कैसे आग लगी के साथ ही कितने का नुकसान हुआ, का आकलन किया। इसके साथ ही अग्निकांड पीड़ितों का बयान भी दर्ज किया गया। अग्निशमन विभाग की टीम ने आग लगने के कारणों की अलग से जांच की। प्रथम दृष्टया पता चला है कि छोटे सिलेंडर से चाय बनाने के दौरान लीकेज के चलते आग लगी। महाकुंभ में लगी भीषण आग बुझने के बाद भी तमाम प्रत्यक्षदर्शियों के दिमाग में वह दृश्य चित्रित होता रहा। अलग-अलग टेंट में रहने वाले लोग आग और धुआं उठते ही सामान लेकर भाग निकले। कुछ ने अपने परिवार के सदस्यों को बाहर निकाला और सामान हटाने में जुट गए। तब तक पुलिस और अग्निशमन की गाड़ियां सायरन बजाते हुए तेज गति से आने लगीं। कुछ ही देर में पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने राहत व बचाव कार्य के लिए मोर्चा संभाल लिया। गोरखपुर निवासी देवेंद्र तिवारी ने बताया कि वह आग से करीब 200 मीटर दूर थे। अचानक उड़ती हुई चिंगारी दिखाई दी और फिर कुछ ही क्षण बाद आग की लपटें आसमान की ओर उठने लगीं। वह मदद के लिए आगे बढ़े लेकिन एक पुलिसकर्मी ने रोक दिया।







# जंबो ने बच्चे को कुचलकर मार डाला, मां की हालत गंभीर



**ओडिशा, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

खुर्दा जिले में हाथी के हमले में एक दिव्यांग लड़के की मौत हो गई, जबकि उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गई। मृतक की पहचान सदर पुलिस सीमा के अंतर्गत महतपल्ला निवासी 18 वर्षीय सायता रंजन मार्था और घायल सुलोचना मार्था के रूप में हुई है। एक प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार, घटना सुबह उस समय हुई जब दोनों अपने घर के पास शौच के लिए गए थे। उन्होंने कहा, एक हाथी ने युवक को कुचलकर मार डाला और महिला पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। जल्द ही, ग्रामीणों ने मां और बेटे को पास के अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने लड़के को मृत घोषित कर दिया और महिला को इलाज के लिए भर्ती कराया। बाद में उसे अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स)-भुवनेश्वर में स्थानांतरित कर दिया गया।

# प्रोजेक्ट उन्नति के प्रशिक्षण से ग्रामीणों को मिल रहा है आर्थिक लाभ

## ललिता यादव को बकरी पालन से 60,000 रुपए की हो रही है सालाना अतिरिक्त आय

### मनरेगा और प्रोजेक्ट उन्नति का योगदान

**कोरबा।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) ने ग्रामीण भारत के लाखों लोगों के जीवन में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जिले में महात्मा गांधी नरेगा के प्रोजेक्ट उन्नति के तहत एक वर्ष में 100 दिवस का रोजगार पूर्ण करने वाले परिवारों को उनकी अभिरुचि के अनुसार विभिन्न गतिविधियों में प्रशिक्षण दिया गया है। जिले में प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीणों के कौशल विकास और आजीविका संवर्धन का कार्य किया जा रहा है। यह कहानी कोरबा जिले के विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत लालपुर की श्रीमती ललिता यादव की है, जिन्होंने इस योजना का लाभ उठाकर अपनी जिंदगी को एक नई दिशा दी।

**प्रशिक्षण से शुरुआत**

ललिता यादव ने प्रोजेक्ट उन्नति के अंतर्गत आरसेटी द्वारा आयोजित कृषि उद्यमी का प्रशिक्षण लिया। इस प्रशिक्षण में उन्हें कृषि सखी बनने के तरीके, जैविक खाद बनाने, उन्नत कृषि तकनीकों, बकरी पालन, बकरी आश्रय की स्वच्छता, बकरियों की बीमारियों और उनके उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, बकरी पालन को व्यवसाय के रूप में कैसे विकसित किया जाए, इसकी भी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।



**सफलता की ओर कदम**

प्रशिक्षण से प्रेरित होकर, ललिता ने बकरी पालन का व्यवसाय शुरू किया। अपनी मेहनत और प्रशिक्षण के ज्ञान से उन्होंने व्यवसाय को निरंतर बढ़ावा दिया। आज उनके पास 40 बकरा-बकरी हैं। इन बकरों और बकरियों की बिक्री से उन्हें सालाना लगभग 60,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है।

**आर्थिक मजबूती और आत्मनिर्भरता**

ललिता, जो केवल आठवीं तक पढ़ी हैं, ने बताया कि अब वह मनरेगा के कार्यों के साथ-साथ कृषि और बकरी पालन भी करती हैं। बकरी पालन से उन्हें हर महीने लगभग 5,000 रुपये की आय होती है। पहले उनके परिवार की आर्थिक स्थिति खराब थी और जीवनयापन मुश्किल था, लेकिन प्रोजेक्ट उन्नति के प्रशिक्षण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

**प्रेरणा और ग्रामीण विकास**

ललिता का कहना है कि प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रम न केवल ग्रामीणों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं, बल्कि गांवों की अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रहे हैं। वह अब अन्य महिलाओं को भी बकरी पालन के व्यवसाय के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनका यह कदम न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे गांव के लिए एक प्रेरणा बन गया है।

**निष्कर्ष**

ललिता यादव की यह सफलता की कहानी दर्शाती है कि सही मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर किस प्रकार ग्रामीण महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा सकती हैं। मनरेगा और प्रोजेक्ट उन्नति जैसे कार्यक्रम न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी सशक्त बनाते हैं।

# शिशु संरक्षण के अंतर्गत होगा जिले में काम

**कोरबा।** भारत शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मर्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थय अधिकारी के नेतृत्व में जिले में शिशु संरक्षण माह (विटामिन ''ए'' अनुपूरण कार्यक्रम) 21 जनवरी से 21 फरवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान शिशु स्वास्थ्य संवर्धन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियां को सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी सुनिश्चित किया जाएगा । सीएमएचओ ने बताया कि जिले में शिशु संरक्षण माह वर्ष में दो बार छः माह के अन्तराल में आयोजित किया जाता है जिसमें प्रत्येक मंगलवार तथा शुक्रवार को समस्त शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के ऑगबाड़ी केन्द्रों /टीकाकरण केन्द्रों में निर्धारित सत्रों में 9 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ''ए'' तथा 6 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों के लिए आई.एफ.ए.सीरप पिलाया जाता हैं। साथ ही टीकाकरण से छुटे हुए तथा नियमित टीकाकरण के लक्षित बच्चां को टीके लगाये जाते है। बच्चां को विटामिन ''ए'' की दवा का नियमित खुराख प्रत्येक छः माह में एक बार पाँच वर्ष तक पिलाने से बच्चां में रतौंधी, श्वांस संक्रमण, बुखार तथा कुपोषण की संभावना कम हो जाती है साथ ही आई.एफ.ए.(आयरन फोलिक एसिड) सीरप खून की कमी को दूर करने के लिए बच्चों को दिया जाता है। कलेक्टर श्री अजीत वसंत एवं सीएमएचओ ने जिले के नागरिको और जनप्रतिनिधियां से अपील किया है कि वे अपने तथा अपने क्षेत्र के 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों (बालक/बालिकाओं) को निर्धारित सत्रां में ऑगनबाड़ी केन्द्र ले जाकर आयु अनुसार विटामिन ''ए'' तथा आई.एस.ए. की दवा पिलावें तथा बच्चां (छूटे हुए तथा नियमित) टीकाकरण करावें। साथ ही स्वास्थय कार्यकर्ताओं, ऑगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा मितानिनां को निर्देशित किया है कि वे अपने कार्यक्षेत्र के शतप्रतिशत लक्षित बच्चों को विटामिन ''ए'' आयरन फोलिक एसिड की दवा तथा टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें।

# स्वामित्व योजना अंतर्गत लवकुमार यादव को अपने आवासीय सम्पति का मिला अधिकार अभिलेख

## संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर आर्थिक विकास के लिए नया व्यवसाय करेंगे शुरू

**कोरबा ।** स्वामित्व योजना अंतर्गत ड्रोन सर्वेक्षण तकनीक के माध्यम से तैयार किए गए मालिकाना दस्तावेज से गृहस्वामियों को उनकी संपत्ति पर स्वामित्व का स्पष्ट प्रमाण मिल रहा है। स्वामित्व दस्तावेज मिलने के बाद ग्रामीण नागरिक अपनी संपत्ति को वित्तीय संपत्ति के रूप में उपयोग कर सकते हैं। इससे उन्हें ऋण प्राप्त करने और आर्थिक स्थिरता हासिल करने में मदद मिलेगी।

कोरबा जिले के पाली विकासखंड के दूरस्थ गांव सरईसिंगार के निवासी श्री लवकुमार यादव स्वामित्व योजना के तहत अपने सम्पति का अधिकार अभिलेख प्राप्त कर अपने जीवन में पहली बार एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बदलाव का अनुभव कर रहे हैं। उनका परिवार तीन पीढ़ियों से इस गांव में रह रहे थे, लेकिन आवासीय भूमि का कोई वैध दस्तावेज उनके पास नहीं था। यह समस्या न केवल उनके परिवार की थी, बल्कि गांव के कई अन्य लोगों को भी आवासीय भूमि से जुड़े विवादों का सामना करना पड़ता था। संपत्ति कार्ड: एक नई उम्मीद की किरण श्री लवकुमार यादव को स्वामित्व योजना के अंतर्गत उनके 126.1 वर्गमीटर आवासीय संपत्ति का स्वामित्व प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। इस कार्ड ने उन्हें न केवल उनके घर का मालिकाना हक दिया, बल्कि यह उनके लिए भविष्य के बेहतर अवसरों का द्वार भी बन गया। श्री यादव ने उत्साहित होकर बताया, संपत्ति कार्ड हमारे लिए एक वरदान है। अब हम अपनी जमीन के मालिक हैं, और इससे हमारे जीवन में स्थिरता आई है। आर्थिक सुधार की ओर बढ़ रहे कदम श्री लवकुमार यादव का परिवार मुख्य रूप से खेती और मजदूरी पर आश्रित है। अतिरिक्त आय के स्रोत की कमी के कारण वे हमेशा संघर्ष करते रहे। लेकिन अब, संपत्ति कार्ड मिलने के बाद, उन्होंने बैंक से लोन लेने की योजना बनाई है। इस लोन का उपयोग वह आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाने और एक छोटे व्यवसाय की शुरुआत करने में करेंगे। वह कहते हैं, इससे न केवल हमारी आय में वृद्धि होगी, बल्कि हमारा परिवार आर्थिक रूप से सशक्त होगा। गांव में विवादों का समाधान ड्रोन तकनीक और आधुनिकीकरण के जरिए तैयार किया गया यह संपत्ति कार्ड गांव में भूमि से जुड़े विवादों को समाप्त करने में मदद करेगा। श्री यादव ने कहा इससे अब पड़ोसी व परिवार के भाई-बंधुओं के मध्य सम्पति को लेकर कोई भी विवाद नहीं रहेगा। यह दस्तावेज न केवल हमारी जमीन का प्रमाण है, बल्कि हमारी सुरक्षा और अधिकार का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का आभार हितग्राही श्री यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा, स्वामित्व योजना ने ग्रामीणों को उनके आवासीय भूमि का वैधानिक अधिकार दिया है। यह न केवल हमारी व्यक्तिगत समस्याओं का समाधान है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुधारने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उज्ज्वल भविष्य की पथ पर हो रहे अग्रसर लाभार्थी लवकुमार और उनका परिवार अपने सुनहरे भविष्य को लेकर आशावान है। संपत्ति कार्ड ने उन्हें न केवल एक नया अधिकार दिया है, बल्कि उनके सपनों को साकार करने का एक मजबूत आधार भी प्रदान किया है। यह कहानी सिर्फ श्री यादव की नहीं, बल्कि हर उस ग्रामीण की है, जो स्वामित्व योजना के माध्यम से अपने जीवन को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर है।




# जिला पंचायत सीईओ ने जनदर्शन में सुनी आम नागरिकों की समस्याएं

## आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही करने के दिए निर्देश




कोरबा । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ दिनेश कुमार नाग ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में अपने शिकायतों के समाधान के लिए आए आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और तत्परता से निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को प्रेषित कर समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए।जनदर्शन में आज कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। जिसके अंतर्गत राशन कार्ड बनाने, ट्राइसायकल,उपचार हेतु आर्थिक सहायता, वन अधिकार पत्र, सीमांकन सहित अन्य आवेदन शामिल है। जिला पंचायत सीईओ ने प्राप्त सभी आवेदनों का उचित परीक्षण कर नियमानुसार कार्यवाही के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री मनोज बंजारे, शिक्षा, समाज कल्याण सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# पहाड़ी कोरवा बुद्धु राम का जीवन यापन होगा आसान, पीएम जनमन योजना से बन रहा पक्का मकान



**कोरबा ।** वृद्ध बुद्धुराम पहाड़ी कोरवा की जिंदगी वैसे तो परिवार समेत पहाड़ो के बीच जंगल में टूटे फूटे झोपड़ी में ही कट रही थी। उनका कच्चा मकान कभी पक्का हो जाएगा, यह उन्होंने कभी सोचा भी न था। घर की आर्थिक स्थिति भी इतनी मजबूत नहीं थी कि वह पक्का मकान बनाने के लिए सोच सके, क्योंकि वह जंगलों में बकरी चराकर और वनोपजों का संग्रहण कर ही कुछ पैसे जोड़ पाता था। इस तरह वह अपने परिवार चलाता रहा। अब जबकि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जंगलों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों की सुध ली और पीएम जनमन योजनाओं से ऐसे गरीब परिवारों के लिए पक्का मकान बनाने का निर्णय लिया तो जंगल में रहने वाले पहाड़ी कोरवाओं के भी भाग्य खुल गए। दशकों तक कच्चे मकान में निवास कर समस्याओं से रूबरू होते आये पहाड़ी कोरवाओं का घर के सामने ही पीएम जनमन योजना से पक्का मकान बन रहा है। अपने ही बसाहट और कच्चे मकान के पास पक्का मकान बनता देख रहे पहाड़ी कोरवा बुद्धुराम की खुशी भी दुगनी हो गई है। उनका कहना है कि आने वाली पीढ़ी हमारी तरह समस्याओं से नहीं जूझेगी। पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम ठिर्री आमा में रहने वाले अनेक पहाड़ी कोरवाओं का पीएम जनमन योजना से पक्का मकान बनाया जा रहा है। इसी बसाहट में रहने वाले बुद्धुराम के पास भी पक्का मकान नहीं था। वह अपनी पत्नी बुधनी बाई और बच्चों के साथ कच्चे मकान में रहता है। बुद्धुराम ने बताया कि लंबे समय से कच्चे मकान में रहने की वजह से वह समस्याओं को सहता हुआ आ रहा है। पहाड़ी इलाका होने की वजह से अक्सर उन्हें झोपड़ी में डर लगता है। तेज बारिश और तूफान के समय घर की दीवारें उखड़ती ही रहती है,इसके साथ ही खपरे से भी पानी टपकता है। वे सभी मजबूरी में रहते हैं। उन्होंने बताया कि जंगल में पेट भरने का इंतजाम हो जाये, वहीं हमारे लिए महत्वपूर्ण होता है। बुद्धुराम का कहना है कि हमने कभी भी पक्का मकान बनाने का नहीं सोचा, क्योंकि हमारी कोई आमदनी ही नहीं है कि हम ऐसे सोच पाएं। गाँव में जब अधिकारियों ने आकर बताया कि आप सभी का पक्का मकान बनेगा तब मालूम हुआ। बुद्धुराम का कहना है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हम जैसे गरीबों के लिए सोचा है, यह बहुत बड़ी बात है। अब हमारा पक्का मकान बन रहा है। घर के सामने ही हम इसे बनते हुए देख रहे हैं। आने वाले दिनों में जब मकान पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएगा तो हमारा परिवार इसमें रहने लगेगा और हम सभी को बारिश और तूफान से भी डर नहीं लगेगा। गौरतलब है कि पीएम जनमन योजना से विशेष पिछड़ी जनजाति परिवारों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना से हितग्राहियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# सीएसईबी चौकी क्षेत्र में युवती का सिर कटा शव और नजदीक में मिले कुछ कपड़े, हत्या मानकर पुलिस जुटी जांच में



**कोरबा।** कोरबा जिले के हसदेव नदी में एक थैले में युवती के शव के टुकड़े मिले हैं। ये थैला मछली पकड़ने पहुंचे बच्चों को मिला। इसमें लंबे बालों के साथ युवती का कटा हुआ सिर, एक कलाई का हिस्सा और एक पंजा था। पुलिस ने इसे जब्त कर लिया है।

मामला सीएसईबी पुलिस चौकी इलाके का है। सोमवार को कुछ बच्चे पुराने फिल्टर हाउस के पास पहुंचे थे। यहीं उन्हें प्लास्टिक का थैला मिला। सिर और शरीर के अंगों को काले-मरून रंग के कपड़े से लपेटा गया था। थैले में एक इनर वियर के साथ गुलाबी रंग का टॉप भी मिला है।

डेढ़ से दो महीने पुरानी घटना

ये थैला नदी में तैरते हुए बच्चों के पास पहुंचा था। शुरुआत में बच्चों को प्लास्टिक का थैला नारियल या कुछ और सामान से भरा लगा। थोड़ा ही खोलने पर उसमें से बदबू आने लगी। जिससे बच्चों को शक हुआ इसी बीच कुछ और लोग भी वहां पहुंच गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद आशंका जताई है कि यह घटना लगभग डेढ़ से दो महीने पुरानी हो सकती है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम और फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने मौके का जायजा लिया। शव की पहचान के लिए कराई जा रही मुनादी

शरीर के अंग काफी गले हुए हालत में हैं। ऐसे में शव की पहचान के लिए आसपास के क्षेत्रों में मुनादी कराई जा रही है। पुलिस ने कोरिया, महेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर और कोरबा के निवासियों से अपील की है कि जिनकी महिला परिजन पिछले चार महीनों से लापता है, वे सीएसईबी पुलिस चौकी से संपर्क करें।

कपड़ों के आधार पर जांच कर रही पुलिस

पुलिस ने केस दर्ज कर पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मृतका की पहचान के लिए मिले कपड़ों के आधार पर भी जांच कर रही है। थैले में मिली युवती का कटा हुआ सिर और अंगों को देखकर यह साफ है कि युवती की बड़ी बेरहमी से युवती की हत्या की गई है।

# वीर शहीद हेमूकालाणी का बलिदान दिवस आज

**कोरबा।** अंग्रेजों की गुलामी से देश को मुक्त कराने के लिए भारत माता के अनेक सपूतों ने प्राणों की आहूति दी है। अखंड भारत के सिंध प्रांत के वीर सपूत अमर शहीद हेमूकालाणी ने अल्पायु में हंसते-हंसते भारत माता को अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों को मां भारती के चरणों में अर्पित कर दिया था। ऐसे वीर सपूत के 82 वें बलिदान दिवस पर 21 जनवरी को पूज्य सिंधी पंचायत कोरबा की ओर से शहीद हेमूकालाणी द्वार सिंधु भवन के पास रानी रोड कोरबा में सुबह 11 बजे श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में जीवन परिचय व विचार रखे जाएंगे। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष किशन चंद दावड़ा व सचिव नरेश जगवानी ने सर्वसमाज के देशभक्त नागरिकों से आग्रह किया है कि श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होंगे।

कांग्रेस ने पर्यवेक्षक बनाएं

कोरबा। नगरीय निकाय चुनाव के संदर्भ में कांग्रेस पार्टी द्वारा कोरबा नगर निगम के लिए गुरूमुख सिंह होरा को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। गुरूमुख सिंह होरा के निर्देश पर कोरबा जिला कांग्रेस अध्यक्ष सपना चौहान ने वार्डवार निम्नलिखित पर्यवेक्षकों को नियुक्त किया है।

वार्ड क्र. 01 परसराम राठौर, वार्ड क्र. 02 डॉ. मनहरण राठौर, वार्ड क्र. 03 रामकुमार वर्मा, वार्ड क्र. 04 कुंज बिहारी साहू, वार्ड क्र. 05 राजकुमार जोशी, वार्ड क्र. 06 शशी अग्रवाल, वार्ड क्र. 07 राहुल यादव,वार्ड क्र. 08 संजय शाह, वार्ड क्र. 09 अशोक लोध, वार्ड क्र. 10 आरिफ प्रसाद, वार्ड क्र. 11 विजय यादव, वार्ड क्र. 12 निर्मल राज, वार्ड क्र. 13 बृज भूषण प्रसाद, वार्ड क्र. 14 मो. शाहिद, वार्ड क्र. 15 कुसुम द्विवेदी, वार्ड क्र. 16 अरूण यादव, वार्ड क्र. 17 गजानंद साहू, वार्ड क्र. 18 एस मुर्ति, वार्ड क्र. 19 यशवंत चौहान, वार्ड क्र. 20 नरायण अग्रवाल, वार्ड क्र. 21 बनवारी पाहुजा, वार्ड क्र. 22 सुरेश पटेल, वार्ड क्र. 23 लक्ष्मी देवांगन, वार्ड क्र. 24 बच्चू मखवानी, वार्ड क्र. 25 सत्येन्द्र वासन, वार्ड क्र. 26 राकेश ताती, वार्ड क्र. 27 सुरेन्द्र लांबा, वार्ड क्र. 28 संतोष राठौर, वार्ड क्र. 29 बिसाहू प्रजापति, वार्ड क्र. 30 मनीषा अग्रवाल, वार्ड क्र. 31 बंटी शर्मा, वार्ड क्र. 32 अंकित श्रीवास्तव, वार्ड क्र. 33 हरीश अग्रवाल, वार्ड क्र. 34 भोला सोनी, वार्ड क्र. 35 मोहन प्रधान, वार्ड क्र. 36 ब्रदीसाहू ननका, वार्ड

# कॉलेज में मनाया रजत जयंती वर्ष भूतपूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

**कोरबा।** गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज के भूतपूर्व छात्रों ने रजत जयंती वर्ष मनाया। 1997 बेच के तीनों ब्रांच के छात्र-छात्राओं ने पहली बार कॉलेज कैम्पस में आयोजन किया। मुख्य अतिथि कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएस पटेल के साथ, मुख्य प्राध्यापक डॉ. मुरारी महतो, टीपीओ प्रभारी आशुतोष राठौर एवं 1995 बेच के चंद्र प्रकाश राठौर एवं गुलाब सिंह ध्रुवे आदि की उपस्थिति रही। इस आयोजन में 1997 बैच के इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और इंस्ट्रूमेंटेंशन के टीआर कश्यप, अर्चना मंडल, विनोद कुशवाहा, पूर्णेंदु साहू, ललित नामदेव, रौशन कुमार ध्रुवे, रमन्ना मूर्ति, लालिमा जायसवाल, सुनयना महंत, चंद्रकुमारी राठौर, विद्यानंद मिर्रे सहित लगभग 60 छात्र-छात्राएं शामिल रहे।

कार्यक्रम का संचालन अजय शर्मा के साथ टीआर कश्यप ने किया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य ने सभी भूतपूर्व छात्रों को कॉलेज की तरफ से स्मृति चिन्ह प्रदान किए। अपने उद्बोधन में कहा कि कॉलेज से पासआउट हुए सभी बैच के विद्यार्थी बहुत अच्छे जगह प्लेस्ड हैं, उनको एलुमिनी मीट के माध्यम से जुड़ने को बोले। वर्तमान में अध्ययन कर रहे छात्रों को मार्गदर्शन करने की अपील की। भूतपूर्व छात्र-छात्राओं ने प्राचार्य, प्रोफेसर एवं सभी स्टाफ को मोमेंटो भेंट किए। सभी छात्र-छात्राएं 25 साल बाद अपने कॉलेज कैम्पस में फिर से पुराने दिन में लौट गए थे। गुलाब सिंह ध्रुवे ने डांस एवं गायन की प्रस्तुति दी। समारोह में दिनभर आनंदमय वातावरण बना रहा। सभी भूतपूर्व छात्रों ने अपने अनुभव वर्तमान में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के साथ साझा किए।

# संरक्षित जनजाति की बालिका से अनाचार के बाद हत्या, 3 को मृत्युदंड

**कोरबा।** जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार की मासूम बच्ची से दुष्कर्म सहित परिवार के तीन लोगों की हत्या के मामले में कोरबा के फास्ट ट्रैक कोर्ट ने पांच दोषियों को मृत्युदंड की सजा से दंडित किया है। एक दोषी को आजीवन कारावास की सजा दी गई है। देर शाम तक इस फैसले को लेकर कोर्ट में गहमा-गहमा देखी गई। दोषियों को सजा काटने के लिए पुलिस ने जेल भेज दिया है।

अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक सुनील कुमार ने बताया कि विकासखंड कोरबा अंतर्गत एक पहाड़ी कोरवा परिवार के तीन सदस्यों की हत्या 29 जनवरी 2021 को हुई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। मामले की सुनवाई कोरबा के फास्ट ट्रैक कोर्ट में चल रही थी।

न्यायाधीश ममता भोजवानी की अदालत ने पुलिस की ओर से आरोपी बनाए गए 6 लोगों को कोरवा परिवार की बच्ची से दुष्कर्म व उसकी हत्या के अलावा दो अन्य सदस्यों की हत्या का भी दोषी माना। कोर्ट ने इस मामले में पांच लोगों को मृत्युदंड की सजा दिया है। इसमें संतराम मंझवार उम्र 45 वर्ष, अनिल कुमार सारथी उम्र 20 वर्ष, परदेशी दास उम्र 35 वर्ष, आनंद दास उम्र 26 वर्ष और अब्दुल जब्बार उर्फ विक्की मेमन शामिल हैं। सभी विकासखंड कोरबा अंतर्गत सतरेंगा थाना लेमरू क्षेत्र के रहने वाले हैं। इसके अलावा कोर्ट ने उमाशंकर यादव उम्र 22 वर्ष को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त शासकीय अभिभाषक ने बताया कि एक पहाड़ी कोरवा परिवार सतरेंगा में रहने वाले संतराम मंझवार के घर मवेशी चराने का काम करता था। संतराम ने परिवार को 8 हजार रुपए मासिक और हर माह 10 किलो चावल देने का वादा किया था लेकिन संतराम ने जानवरों को चराने के बदले महज 600 रुपए दिया और 10 किलो चावल प्रतिमाह के अनुसार प्रदान किया। शेष राशि संतराम ने कोरवा परिवार को नहीं दिया तब कोरवा परिवार 29 जनवरी को संतराम का घर छोड़कर चला गया। परिवार के सदस्य सतरेंगा बस स्टैंड में खड़े थे। इसी बीच संतराम ने कहा कि वह अपने साथियों के साथ उनके घर तक पहुंचा देगा। कोरवा परिवार में एक साढ़े तीन साल की बच्ची और दूसरी साढ़े नौ साल की लड़की थी। आरोपी तीनों को मोटर साइकिल में लेकर कुछ दूर तक गए। यहां बाइक से उतार दिया। तीनों की पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी। घटना से पहले नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। मामले पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसकी सुनवाई कोर्ट में चल रही थी।



# निकाय चुनाव अचार संहिता लगने के साथ अवैध बैनर पोस्टर हटाने का काम शुरू

**कोरबा।** नगर पालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 हेतु आज छत्तीसगढ़ राज्य निवार्चन आयोग द्वारा निर्वाचन की घोषणा किये जाने से आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अजीत वसंत के निर्देशानुसार संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत जिले के नगरीय निकायों एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

# जिले में चुनावी गतिविधि हुई तेज, आचार संहिता का पालन कराने में जुटे अधिकारी एवं कर्मचारी

**जांजगीर-चांपा।** नगरीय नकाय और त्रस्तरीय पंचायत चुनाव की तिथि घोषित होते ही प्रशासनिक अमला एक्शन मोड़ पर आ गया है। जिला मुख्यालय सहित शहरी क्षेत्रों में बैनर पोस्टर, फ्लैक्सी को हटाने की कार्रवाई शुरू हो गई। तय कार्यक्रम के मुताबिक नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया बुधवार 22 जनवरी से प्रारंभ होगी और मतदान 11 फरवरी को होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा राजधानी रायपुर में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर कार्यक्रम की तिथि घोषित की गई। इसके अनुसार नगरीय निकायों मे नामांकन दाखिले की प्रक्रिया 22 जनवरी को प्रारंभ होगी। इस दिन निर्वाचन सूचना का प्रकाशन, सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना, मतदान केन्द्र की सूची का प्रकाशन और नामांकन फार्म दिए जाएंगे। नामांकन फार्म लेने की अंतिम तिथि 28 जनवरी निर्धारित की गई है। इसी प्रकार नामांकन पत्रों की संवीक्षा 29 को होगी तथा नाम वापसी के लिए 31 जनवरी तक का समय होगा। इसके साथ ही इसी दिन अभ्यर्थियों की सूची जारी कर प्रतीक चिन्हों का आबंटन किया जाएगा। इसके बाद 11 फरवरी को नगरीय निकायो में मतदान होगा। मतदान 15 फरवरी को होगी। इधर नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत की तिथि घोषित होने के साथ ही प्रशासनिक अमला एक्शन मोड़ में आ गया। दोपहर बाद से ही जिला मुख्यालय जांजगीर में नगर पालिका प्रशासन का अमला नेताओं के बैनर, पोस्टर, फ्लैक्सी को निकालने में जुट गया।

**तीन चरणों में होगा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, 27 से नामांकन**

निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए जो तिथि निर्धारित की गई है, उसके अनुसार पंचायत चुनाव तीन चरणों में होगा। तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, सीटी के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केन्द्रों की सूची का प्रकाशन और नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का काम सोमवार 27 जनवरी से प्रारंभ होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 3 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके बाद 4 फरवरी को नामांकन पत्रों की जांच होगी और 6 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि के साथ उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जाएगा। इसके बाद पहले चरण का मतदान सोमवार 17 फरवरी को होगा, जबकि दूसरे चरण में गुरुवार 20 फरवरी और तीसरे चरण में रविवार 23 फरवरी को मतदान होगा। इसके बाद विकासखंड मुख्यालय में की जाने वाली मतगणना पहले चरण में मंगलवार 18 फरवरी को. दूसरे चरण में 21 फरवरी और तीसरे चरण में 24 फरवरी को होगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में विकासखंड स्तर पर निर्वाचन परिणाम की घोषणा पहले चरण में 19 फरवरी, दूसरे चरण में 22 फरवरी और तीसरे चरण में 25 फरवरी को होगी। जिला पंचायत सदस्य के लिए परिणाम की घोषणा पहले चरण में 20 फरवरी को, दूसरे चरण में 23 फरवरी और तीसरे चरण में 25 फरवरी को होगी।

**दोनों जिला मिलाकर चार पालिका एवं 13 नगर पंचायतों में होगा घमासान**

पंचायत चुनाव के साथ शहरी क्षेत्र में भी चुनाव होना है निकाय चुनाव 11 फरवरी को होना है। जांजगीर चांपा जिले में तीन नगर पालिका परिषद एवं 4 नगर पंचायत आते हैं। इसी प्रकार शक्ति जिले के अंतर्गत एक नगर पालिका एवं पांच नगर पंचायत आते हैं इन शहरी क्षेत्र में 11 फरवरी को चुनाव होना है अचार आचरण संहिता लगने के साथ ही जांजगीर एवं सक्ती जिले के कलेक्टर एक्शन मोड पर आ गए हैं। वही अधिकारियों की बैठक लेने के साथ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी व्यक्ति जो सम्पति के स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि में आने वाली किसी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, रंग या किसी अन्य पदार्थ में लिख कर या चिन्हित करके उसे निरूपित करेगा, यह जुर्माना से जो 1 हजार रुपए तक से दंडित किया जा सकता है।

## जगदल्ला रोड में पानी निकासी की समस्या को लेकर विवाद

**जांजगीर-चांपा।** नगर के जगदल्ला रोड में पानी निकासी की समस्या को लेकर वार्डवासियों के बीच जमकर वाद विवाद हो गया। जानकारी मिलने पर नगर पालिका एवं पुलिस विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान निकलाने आश्वासन दिया।

नगर के वार्ड नम्बर 24 जगदल्ला रोड में सोमवार की सुबह पानी निकासी की समस्या को लेकर वार्ड वासियों के बीच वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। समस्या के बढ़ने पर मौके पर नगर पालिका इंजीनियर और पुलिस विभाग के अधिकारी पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया और वार्डवासियों को समस्या.को समझने के बाद उचित दिया। वार्ड वासियों ने नाली निर्माण में नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि बिना समुचित योजना के निर्माण कार्य किए जाने से पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो रही है, जिससे लोगों के घरों का पानी सड़कों पर बह रहा है और उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के इंजीनियर ने वार्ड वासियों को भरोसा दिलाया कि जल्द ही समस्या का स्थायी समाधान निकाला जाएगा और पानी निकासी की व्यवस्था को सुधारने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। पुलिस विभाग ने मौके पर स्थिति को नियंत्रित किया और वार्डवासियों से अपील की कि वे नगर पालिका के अधिकारियों को समय दें ताकि समस्या का हल जल्द से जल्द निकाला जा सके।

***सक्ती।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सक्ती में वार्षिक खेल व शिशु नगरी मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में राकेश सहिश, द्वितीय स्थान में भाब्या साहू ने प्राप्त किया।इस प्रकार डिस्पोजल दौड़ में प्रथम स्थान लायरा सिदार व द्वितीय स्थान रिकेस सहिस को प्राप्त हुआ।

# चोर, डकैत व लुटेरों का आशियाना बना जिला

**लूट व गोलीकांड के बाद तीसरी बड़ी चोरी**

**जांजगीर-चांपा।** जिले की पुलिसिंग इन दिनों पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। पुलिस का खुफिया तंत्र जुआरी और अवैध शराब के कारोबारियों तक ही सिमटकर रह गया है। स्थिति यह है कि डकैती, बैंक में चोरी का प्रयास और गार्ड को गोली मारकर 78 लाख रुपए लूट की मामले के आरोपियों का 7 दिनों बाद भी कही कोई सुराग नहीं लगा है।

आईजी, एसपी के निर्देशन में एएसपी के नेतृत्व में गठित डेढ़ दर्जन अफसरों की टीम जांच के नाम पर सिर्फ हवा में हाथ पैर मार रही है। खास बात यह है कि पुलिस टीम एक ओर जहां लुटेरों की तलाश करते फिर रही है, वहीं दूसरी ओर जिले के अकलतरा के बाद बलौदा थाना क्षेत्र में चोरों ने तीसरी बड़ी वारदात को अंजाम देकर 25 लाख का माल पार कर दिया। सक्ती के नया जिला बनने के बाद जांजगीर चांपा जिला क्षेत्रफल की दृष्टि से घटकर आधा हो गया है, मगर अपराध का ग्राफ बढ़ते क्रम में है। खास करके बीते सप्ताह भर में जिस तरह से केरा के शराब दुकान में डकैती, जिला सहकारी बैंक नवागढ़ में हथियार की नोंक पर चोरी का प्रयास की बड़ी घटना हुई तो इसके मंगलवार 14 जनवरी को जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खोखरा के सरकारी शराब दुकान में नकाबपोश लुटेरों ने कैश कलेक्शन गाड़ी को निशाना बनाया। यहां तैनात गार्ड को गोली मारकर आरोपी हवाई फायरिंग करते हुए गाड़ी में रखी रुपए से भरी पेटी को ले भागे। पेटी में पामगढ़, राहौद खरौद शराब दुकान से कलेक्शन लिए गए तकरीबन 78 लाख रुपए रखे हुए थे। इस मामले की जांच को लेकर बिलासपुर से आईजी संजीव शुक्ला पहुंचे। इसके पहले एसपी विवेक शुक्ला मौके पर पहुंच चुके थे। आला अधिकारियों ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए और जांच के लिए एएसपी उमेश कश्यप के नेतृत्व में डेढ़ दर्जन अफसरों की टीम बनाई गई। इसके बाद आरोपियों के सीसी टीवी फुटेज निकलवाए गए और उनकी तस्वीर भी जारी की गई, लेकिन इन सबके बाद भी पुलिस को कही कोई सफलता नहीं मिली है। अगले दिन चोरों ने बलौदा में चोरी की एक बड़ी वारदात को अंजाम देकर जेवरात समेत 25 लाख का माल पार कर दिया। ऐसे में ना केवल पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े होने लगे बल्कि आमजन अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर सोचने पर मजबूर है।

**कर रहे तलाश**

लूट व गोलीकांड के आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। सभी बिन्दुओं पर जांच जारी है। चोरी के मामलों में भी पतासाजी कर रहे है।

उमेश कश्यप,
एएसपी, जांजगीर चांपा

## बढ़ते अपराधिक मामलों को लेकर विधायक ने आईजी को लिखा पत्र

**अकलतरा।** जिले में लगातार हो रही चोरी लूट एवं अन्य अपराधों पर लगाम लगाने को लेकर अकलतरा विधायक ने आईजी को पत्र लिखकर कानून व्यवस्था दुरूस्त करने की मांग की है।



विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह द्वारा जिले में लगातार हो रही चोरी, लूट एवं अन्य अपराधों पर अंकुश लगाए जाने की मांग को लेकर पुलिस महानिरीक्षक को पत्र लिखा है। पत्र में विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने बताया है कि जनवरी माह में ही खोखरा के पास बंदूक की नोक पर 78 लख रुपए की डकैती, अकलतरा नगर के ऐतिहासिक महामाया मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दान पेटी से ढाई लाख रुपए की चोरी, बलौदा के वार्ड क्रमांक 13 में दो दिनों पूर्व हुए 25 लाख रुपए की चोरी एवं अकलतरा के वार्ड क्रमांक 19 में कुछ दिन पूर्व हुए 2 लाख की चोरी सहित अन्य अपराधिक घटनाएं घटित हुई हैं। जनवरी माह के भीतर ही घटित इन घटनाओं से जिले वासियों के मन में डर एवं आक्रोश पनप रहा है जो की अत्यंत चिंतनीय विषय है। प्रदेश पुलिस महानिरीक्षक को पत्र लिखकर जिले में कानून व्यवस्था दुरुस्त कर उक्त अपराधों में लिप्त आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ के क्षेत्र वासियों के मन में कानून व्यवस्था के प्रति विश्वास सुदृढ़ करने की मांग की गई है।

**विभाग के अफसरों को नहीं कोई सरोकार**

## हसदेव नदी पर बना पुल जर्जर, मरम्मत के नाम पर निभा रहे औपचारिकता

**जांजगीर-चांपा ।** हसदेव नदी पर बना सेतु पुल फिर से जर्जर हो गया है। पुल से गुजरने वाले लोगों को दुर्घटना का डर लगा रहता है। सिलादेही और केरा के मध्य बना हसदेव सेतु पुल बहुत ही जर्जर होने के कारण जी का जंजाल बन गया है। मरम्मत के नाम पर केवल औपचारिकता निभाई जा रही है। जिसकी वजह से आने जाने वाले लोगों को हर पल हादसे का अंदेशा बना रहता है।

गौरतलब है कि जांजगीर-चांपा जिले के जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही (बिर्रा) पर हसदेव नदी पर बना पुल जी का जंजाल बन गया है। जहां हसदेव नदी पर बना सेतु पुल फिर से जर्जर हो गया है। यह जर्जर पुल दुर्घटना को आमंत्रित कर रहा है। यह मुख्य मार्ग रायगढ़, बिर्रा, शिवरीनारायण होते बिलासपुर को जोड़ने वाली सड़क है। इस सड़क में सैकड़ों रोज बड़ी-बड़ी हाईवा मालवाहक गाड़ी पुल से होकर गुजरती है। जिससे पुल जर्जर हो चुका है। बताया जाता है कि मरम्मत का कार्य मंथर गति से चल रहा है। सिलादेही मे हसदेव नदी में पुल की जर्जर हालत के कारण पुल में है।

आवागमन करने वाले लोगों को परेशानी है। जगह जगह पर बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण राहगीर व आवागमन करने वाले वाहन चालक को बड़ी परेशानी हो रही थी। वहीं पुल में आये दिन वाहन का टायर खराब होने आम बात हो गई है। इसके बावजूद भी सेतु विभाग के अधिकारी कुंभकर्णी निंद्रा में सोए है। पुल कार्य में सेतू विभाग के आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। वहीं पुल का काम धीमी कछुआ चाल से चल रहा है है तथा त पुल में आने जाने वाले लोगों व वाहन चालक को पुल पार करने में काफी समय लग रहा है। वहीं पुल के ऊपर बीच बीच में सामग्री बिखरा पड़ा हुआ है। वहीं आएं दिन पुल में हररोज वाहन का फंसना आम बात हो गई है। जिसके कारण केरा, बिर्रा, सिलादेही, शिवरीनारायण, हसौद सहित अन्य क्षेत्र आने जाने वाले लोगों कों काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा

***बलौदा।** नगर के नवल भवन में चल रहे स्व. रूपचंद सोनी की स्मृति में आयोजित भागवत कथा के सातवें दिन कथा व्यास पीठ से पंडित शास्त्री विजयानंद पाठक ने सुदामा प्रसंग को सुनाया। उन्होंने कहा कि इस चरित्र से हमें यह शिक्षा मिलती है ।

# नगर सरकार बनाने कार्यकर्ता कस लें कमर: शेषराज हरबंस

**शिवरीनारायण ।**आगामी नगरीय निकाय चुनाव में पिछली बार हुई कांग्रेस की ऐतिहासिक विजय को। पुन: दोहराने सभी कार्यकर्ता कमर कस लें।उक्त बातें पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंस ने नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कैफेटेरिया मेला मैदान में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक के दौरान कहीं उन्होंने कहा की यह चुनाव हम सबके लिए काफी महत्वपूर्ण है पिछले 5 वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा शिवरीनारायण नगर को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया तथा विकास कार्यों के नए आयाम तय किए हैं इन्हीं मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जाकर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। मुझे पूरा विश्वास है कि नगर की जनता पुन: हमें आशीर्वाद देगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष विवेक सिसोदिया ने कहा कि आगामी नगर पंचायत चुनाव में जिताऊ और टिकाऊ प्रत्याशियों का चयन नगर के समन्वय समिति के सदस्यों की सहमति से किया जाएगा। पिछले 1 वर्ष से प्रदेश भाजपा सरकार में विकास का कार्य पूरी तरह से रुका हुआ है। प्रदेश भाजपा सरकार हर मामले में पूरी तरह से असफल रही है। आगामी चुनाव में कांग्रेस राज के विकास



कार्य और वर्तमान प्रदेश भाजपा सरकार की नाकामी को लोगों तक ले जाने की अपील की। बैठक को जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अंजनी तिवारी,जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रिंस शर्मा, इंका नेता नारायण खंडेलिया, निरंजन अग्रवाल,देवेंद्र देबू अग्रवाल,बृजेश विक्कू केसरवानी, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सतीश गुप्ता ने भी संबोधित कर कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर नई ऊर्जा के साथ नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराने कार्य करने की अपील की। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शत्रुघ्नदास महंत ने व आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रवि बबलू सोनी ने किया। कार्यक्रम उपरांत अध्यक्ष एवं पार्षद पद के इच्छुक उम्मीदवारों द्वारा आवेदन पत्र के साथ अपनी अपनी देवदारी पेश की । इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज तिवारी, राजेंद्र यादव, गुलजीत सिंह गांधी, सरोज सारथी,रूपेश केडिया,लाडलीमोहन शर्मा,अशोक शर्मा, ओम सोनी,राकेश शर्मा,रामचरण कर्स, कृष्ण कुमार भट्ट,विजय सारथी, राजा सिद्दीकी भोलू यादव हरदेव चौहान, लक्ष्मण चौहान, मुकेश मानिकपुरी, आशा मानिकपुरी, संतोष यादव, आशा शर्मा, सागर केसरवानी, भुनेश्वर केसरवानी, दुष्यंत केसरवानी, सुधांशु तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे ।


**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

क्र./निर्माण/2024 दिनांक 20.01.2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) आनलाईन निविदा आमंत्रित की जती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा डालने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत अत्याधुनिक सभागृह में लैण्ड स्केपिंग एवं संबंधित सिविल कार्य (जिला खनिज मद) (प्रथम निविदा) | 55.64 | 11.02.2025 (T.No.164857) |
| 2 | नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत स्थित अत्याधुनिक सभागृह में फर्नीचर कार्य, पब्लिक एड्रेस, विडियो कांफ्रेसिंग एवं साउण्ड सिस्टम का विस्तार कार्य। (जिला खनिज मद) (प्रथम निविदा) | 160.67 | 11.02.2025 (T.No.164860) |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है, साथ ही निगम के वेबसाइट www.korbamunicipal.in एवं www.korba.urbanecg.gov.in पर भी देखी जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

अधीक्षणअभियंता
नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, कोरबा (छत्तीसगढ़)**

मुख्य कार्यालय-साकेत भवन, आई.टी.आई. चौक, कोरबा (छ.ग.)

सर्वमंगला नगर जोन

फा.क्र./848 से 852/निर्माण (सर्वमंगला नगर जोन)/2024/ कोरबा, दिनांक 16.01.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 07.02.2025 को सायं 3.00 बजे तक स्पीड पोस्ट से आमंत्रित की जाती है :-

1.निर्धारित प्रारूप में निविदा प्रपत्र प्राप्त होने की अंतिम तिथि - 07.02.2025 सायंकाल 3:00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि से....... - 07.02.2025 सायंकाल 4:30 बजे से

| क्र. | कार्य का नाम | प्राक्कलन राशि में |
|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र.54 अंतर्गत सर्वमंगला चौक के पास बॉयीं तरफ म्यूरल आर्ट का सौंदर्यीकरण कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3,97,800/- |
| 2 | वार्ड क्र.54 अंतर्गत सर्वमंगला चौक के पास दॉयीं तरफ म्यूरल आर्ट का सौंदर्यीकरण कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3,97,700/- |
| 3 | वार्ड क्र.56 अंतर्गत शांति नगर बाजार के पास रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3,98,000/- |
| 4 | वार्ड क्र.56 अंतर्गत शांति नगर बाजार के पास रोड चबूतरा का मरम्मत कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3,98,900/- |
| 5 | वार्ड क्र. 56 अंतर्गत शांति नगर डंगनियाखार में रोड का मरम्मत कार्य। (मरम्मत संधारण मद) | 3,99,600/- |

नगर निगम के विभागीय वेबसाइट Website:www.korbamunicipal.in एवं www.uad.cg.gov.in से विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

//स्वच्छ भारत निर्माण में योगदान दें//

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)


# तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं को मिला प्रतिभा दिखाने का अवसर

**जांजगीर।** ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर में तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम के विद्यार्थियो ने विभिन्न खेलों में उत्साह के साथ भाग लिया। तीन दिवसीय खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों से खेल भावना के साथ खेलने की अपील की। उन्होंने सफल होने की शुभकामना देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सार्थकता उसके विद्यार्थियों की सफलता एवं उपलब्धियों से होती है। संस्थान के विद्यार्थी विद्यालय स्तर पर ही नहीं अपितु प्रदेश में भी नाम रोशन कर रहे हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना होता है। खेलकूद से विद्यार्थियों का शरीर पुष्ट होता है साथ ही आत्मसम्मान, सामाजिकता और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। यह उन्हें समय प्रबंधन और अनुशासन के बारे में भी सिखाता है। वरिष्ठ शिक्षक मूलचंद



साव ने कहा कि खेलकूद शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है ।

खेलकूद से अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल भी विकसित होता है। तीन दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रभारी शिक्षक पुष्पेन्द्र राजनाथ और प्रिया कोसरे के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ । प्रतियोगिता में नर्सरी, केजी वन, केजी टू के लिए जलेबी दौडू, फ्राग रेस, 50 मीटर

फास्ट रेस, स्पून एण्ड मार्बल रेस, म्यूजिकल चेयर रेस, कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी चौथी, पांचवी अंग्रेजी और हिन्दी माध्यम के जूनियर और सीनियर बालक-बालिकाओ के लिए कुर्सी दौड़, बोरा दौड़, रस्सी कूद, स्लो सायकल रेस, चम्मच दौड़, निडिल एण्ड थ्रेड रेस, कक्षा छठवी, सातवी, आठवी के जूनियर और सीनियर बालक और बालिकाओं के लिए स्लो सायकल रेस, बोरा दौड़, रस्सीकूद, खो-खो, कबाडी, पिठघोड़ी दौड़, चम्मच दौड़ समेत अन्य कक्षाओं के बच्चों के लिए विविध खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

# पिता के साथ बाइक पर गांव जा रही बालिका भारी वाहन की टक्कर से उछल कर सड़क पर गिरी, मौके पर दर्दनाक मौत

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ में जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ में सोमवार दोपहर लगभग 1 बजे मदनपुर के पास से गुजर रहे एक वैगन आर कार ने बाइक सवार पिता-पुत्री को टक्कर मार दी। घटना में 3 साल की बच्ची की मौत हो गई।

जबकि पिता के पैर में गंभीर चोट आई।

40 वर्षीय यश कश्यप अपनी बेटी के साथ भैंसा गांव लौट रहा था। बाइक से उछलकर सड़क पर गिरी मासूम कार की चपेट में आ गई। हादसे में पिता की हालत गंभीर राहगीरों ने तुरंत घायल पिता और मासूम बच्ची को पामगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल यश कश्यप की गंभीर बनी हुई है। डॉक्टरों ने उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया। हादसे में कार बुरी तरह डैमेज हो गई। वहीं बाइक को काफी नुकसान हुआ। पामगढ़ पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए टक्कर मारने वाली कार को जब्त कर लिया है और आरोपी चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी है।



## बाराद्वार नगर पंचायत में कांग्रेस से नपं अध्यक्ष के लिए रेशमा का सिंगल नाम

**बाराद्वार।** नगरीय निकाय चुनाव को लेकर राजनीतिक दल सक्रिय हो गए हैं, बैठकों का दौर जारी है। प्रमुख पार्टी कांग्रेस एवं भाजपा की ओर से दावेदारों के आवेदन लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में कांग्रेस ने रविवार को नगर पंचायत बाराद्वार के अध्यक्ष एवं पार्षद पद के दावेदारों से आवेदन लिए अगले दो दिनों तक कार्यकर्ता टिकट की मांग कर सकेंगे। नगर पंचायत बाराद्वार में एक बार फिर से अध्यक्ष का पद अजा वर्ग के लिए आरक्षित है। कांग्रेस पार्टी के पर्यवेक्षक श्रवण सिदार बाराद्वार पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक कर दावेदारों से पार्षद एवं अध्यक्ष पद के लिए आवेदन लिया। खबर है कि 15 वार्डों वाली नगर पंचायत के लिये 32 कार्यकर्ताओं ने पार्षद के लिये दावेदारी की, जबकि अध्यक्ष पद के लिए रेशमा विजय सूर्यवंशी ने आवेदन किया। वे लगातार दो बार अध्यक्ष रही हैं। ऐसे में उनकी पार्टी प्रत्याशी होना तय माना जा रहा है। बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष रूपनारायण साहू के निवास में हुई। इस दौरान डॉ. महंत के प्रतिनिधि गुलजार सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कन्हैया कंवर, विजय सूर्यवंशी, रश्मि गबेल सहित अनेक वरिष्ठ पार्टी नेता उपस्थित थे। इन नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आपसी मतभेद भुलाकर अध्यक्ष एवं सभी 15 वार्डों में कांग्रेस को जीत दिलाने के लिए पूरी ताकत से जुट जाने को कहा।

## नवीन महाविद्यालय सारागांव में व्याख्यान माला कार्यक्रम आयोजित

**सारागांव।** शासकीय नवीन महाविद्यालय सारागांव में महाविद्यालय के भौतिक विभाग द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों में वैज्ञानिक अभिवृत्ति का विकास तथा भौतिक शास्त्र का मानवता को देन जैसे विविध विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित और पूजन-अर्चन कर की गई।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. बीके पटेल द्वारा अतिथियों के स्वागत में स्वागत उद्बोधन दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता तथा आकर्षण का केंद्र डॉक्टर आरके सक्सेना, डॉक्टर आरके पांडे, डॉक्टर देवेंद्र शुक्ल सहायक प्राध्यापक हिंदी जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय सक्ती तथा लेखा पांडे थी। ज्ञात हो कि डॉक्टर आरके सक्सेना सीएमडी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर से 44 वर्ष तक प्राध्यापक की सेवा कर सेवानिवृत्त हुए तथा भौतिक विभाग के विभागाध्यक्ष रहे। इन्होंने अपने निर्देशन में 15 शोधार्थी को पीएचडी कराया तथा गुरु घासीदास विश्वद्यालय बिलासपुर के भौतिक शास्त्र विषय के अध्ययन मंडल के अध्यक्ष भी रहे। इसी कड़ी में डॉ. आरके पाण्डेय जिन्हें 43 वर्ष से अधिक का शैक्षणिक और अनुसंधान अनुभव रहा है। साथ ही उच्च शिक्षा में 30 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव रहा है। डॉ. पांडे अपने कुशल निर्देशन में 26 शोधार्थी को पीएचडी कराया तथा 18 रिसर्च प्रोजेक्ट में प्रमुख अन्वेषक रह चुके हैं। देवेंद्र शुक्ला ने बताया कि एक शिक्षक जीवनपर्यंत विद्यार्थी ही होता है। जो अपना ज्ञान तथा अनुभव विद्यार्थियों को देता है तथा जीवन भर विद्यार्थियों से भी बहुत कुछ सीखता रहता है। कार्यक्रम का समापन उद्बोधन डॉ. अंगेश कुमार चंद्रा के द्वारा दिया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण एवं छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अनमोल वचन......

जीवन एक नाटक है, यदि हम इसके कथानक को समझ लें तो सदैव प्रसन्न रह सकते हैं।

# भारत-बांग्लादेश संबंधों में कड़वाहट जारी

बांग्लादेश में शेख हसीना के अपदस्थ होने के बाद से दोनों देशों के संबंधों में कड़वाहट जारी है। ताजा मसला सीमा पर तारबंदी को लेकर उपजा है। बांग्लादेश के विदेश मंत्रालय ने रविवार को भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को जिस वजह से तलब किया, वह इस छोटे से मुल्क की भारत के प्रति कटुता को जाहिर करने के लिए काफी है। आरोप लगाया गया कि भारत द्विपक्षीय समझौते का उल्लंघन करते हुए सीमा पर पांच स्थानों पर तारबंदी की कोशिश कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश हमेशा से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कार्रवाई का विरोधी रहा है।

हमेशा से सीमा पर बीएसएफ की बीजीबी (बार्डर गार्ड बांग्लादेश) से भिड़ंत होती रही है। कई बार बांग्लादेशी नागरिक अवैध तरीके से सीमा पार कर भारत घुसने की कोशिश करते हैं।

स्वाभाविक है, बीएसएफ उन लोगों को रोकने की कोशिश करती है और न मानने पर उन्हें मार गिराती है। बांग्लादेश के हुक्मरान को इसी बात से चिढ़ है। वैसे भी मोहम्मद युनूस के कार्यवाहक राष्ट्रपति बनने के बाद से जिस तरह पड़ोसी देश भारत के प्रति आक्रामक रुख अख्तियार किए हुए है, वह वाकई बहुत कुछ सोचने पर विवश करती है। शेख हसीना सरकार के हटने के बाद से जिस तरह वहां हिन्दू समुदाय के साथ लोमहषर्क घटना को अंजाम दिया गया, वह तथ्य की पुष्टि करने के लिए काफी है कि अब बांग्लादेश किसी और देश द्वारा निर्देशित हो रहा है। वहां वर्षो से रहने वाले अल्पसंख्यक हिन्दुओं के साथ अब तक का सबसे बुरा व्यवहार हुआ है। कई लोग मारे गए, कइयों से लूटपाट की गई और सबकुछ छीन लिया गया। यह सब कुकर्म उस देश में और उस समुदाय के साथ किया गया जिसने इस देश को बनाने के लिए हर तरह की कुर्बानियां दीं। इस बात में शक नहीं कि पाकिस्तान और चीन के बाद बांग्लादेश ही ऐसा पड़ोसी है, जिसने भारत को चोट पहुंचाई। लिहाजा, भारत को अब नये सिरे से इस बारे में मंथन करने की दरकार है। भारत जानता है कि सीमा पर गड़बड़ी को नजरअंदाज करना उसके लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। इसलिए उस मोर्चे पर सख्ती जरूरी है। बांग्लादेश छोटी सी बात का बतंगड़ बनाकर माहौल को खराब करने की साजिश में जुटा है। भारत भी इस बात को समझता है। इसलिए वह भी फूंक-फूंक कर कदम आगे बढ़ा रहा है। बहरहाल, ज्यादा नरमी से पेश आने के कारण ही बांग्लादेश का निजाम बदमिजाजी पर आतुर है। चुनांचे, भारत को अपने हित के लिए अंगुली टेढ़ी करनी चाहिए।

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। किसी समस्या का समाधान मिलने से आप राहत महसूस करेंगे और आप पूरे आत्मविश्वास के साथ अपने अन्य कार्य पर भी ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। बच्चों के विवाह संबंधी कार्यों की योजना बनेगी, और नजदीकी लोगों का भी सहयोग मिलेगा। अपने गुस्से व इगो पर काबू रखेंगे और शातिपूर्ण रवैया अपनाने से आपके स्वभाव से सुधार आएगा।

**वृष राशि-** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। अच्छी खबर मिलने से आपके अंदर आत्मविश्वास और नई ऊर्जा का प्रवाह रहेगा। घर के वरिष्ठ सदस्यों की सलाह पर जरूर अमल करें। स्वभाव में सहजता बनाकर रखें। अति आत्मविश्वास और जल्दबाजी होने की वजह से आपके बनते कार्यों में रुकावट आ सकती हैं।

**मिथुन राशि-** आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आप अपने परिवार के सदस्यों के साथ किसी धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। अपने संतान के भविष्य को लेकर आप नई योजना बना सकते हैं। यदि आप अपने व्यापार में किसी प्रकार का नया काम बढ़ाना चाहते हैं।

**कर्क राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। राजनीति में हाथ आजमा रहे लोगों को सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो विरोधी उनकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। आपके धन में वृद्धि होने से आप प्रसन्न रहेंगे। आज आप अपने बिजनेस के कार्यों पर पूरी नजर रखेंगे।

**सिंह राशि-** आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। अनुभवी लोगों के सानिध्य का अवसर मिलेगा और विशेष मुद्दों पर लाभदायक विचार विमर्श भी होगा। मानसिक सुकून पाने के लिए धार्मिक और आध्यात्मिक गतिविधियों में समय बिताएंगे। उधार दिए हुए पैसे की वापसी भी संभव है।

**कन्या राशि-** आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। यदि आप घर मकान या दुकान, खरीदने की कोशिश कर रहे हैं, तो आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहेगा। परंतु बहुत अधिक प्रयास करने के बाद ही आपको सफलता मिल सकती हैं। प्रॉपर्टी से संबंधित किसी भी काम को करने में बहुत ध्यानपूर्वक काम करें। आज आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होने वाला है।

**तुला राशि-** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज नई-नई जानकारियां हासिल करना और उन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करना आपके व्यवहार में आश्चर्यजनक सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। अपरिचित लोगों पर बिना सोचे-समझे विश्वास न करें। आज भविष्य संबंधी बनाई गई योजनाओं पर काम करने का अनुकूल समय है। ये योजनाएं आपके लिए बेहद तरक्की दायक रहेंगी।

**वृश्चिक राशि-** आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। अपने माता-पिता की सेहत को लेकर आप सजग रहेंगे। आपके माता-पिता, आपके करियर को लेकर, विचार विमर्श करेंगे। जीवनसाथी के साथ आज आप किसी धार्मिक स्थल पर घूमने जाएंगे। आपको भाई व बहनों का भरपूर प्यार मिलेगा। व्यापार करने वाले लोगों के लिए दिन ठीक-ठाक रहेगा। व्यापार में रुके कार्य आज सुचारु रूप से संपन्न होते जाएंगे।

**धनु राशि-** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। किसी भी विपरीत परिस्थिति में खास मित्र अथवा रिश्तेदारों के सहयोग से आपका हिम्मत और हौसला बना रहेगा। फोन और मेल द्वारा नई जानकारियां और समाचार मिल सकते हैं। आज बातचीत द्वारा आप अपने काम करवाने में सक्षम रहेंगे। आय के साधन बढ़ने के साथ-साथ खर्चे भी बढ़ेंगे। इसलिए अभी से अपना बजट बनाकर चले तो बेहतर होगा।

**मकर राशि-** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। किसी खास व्यक्ति से मुलाकात आपके लिए लाभदायक साबित हो सकती हैं। इसलिए उनकी बातों और मार्गदर्शन पर जरूर ध्यान दें। आज आपके अंदर बड़ा फैसला लेने की हिम्मत आएगी। खर्चों को सीमित रखें नहीं तो आपका बजट बिगड़ सकता है।

**कुंभ राशि-** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। नौकरी करने वालों को आज किसी प्रकार की उलझन लेने से बचना चाहिए। व्यापार करने वाले लोगों के लिए आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी।

**मीन राशि-** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपकी मकान, दुकान सम्बन्धी परेशानी हल हो सकती है। अपने घर के बुजुर्गों की सेहत का विशेष ध्यान रखेंगे। नौकरी करने वाले लोगों के लिए दिन अच्छा रहेगा।

# भयावह आग की चपेट में हॉलीवुड इलाका

//विनीत नारायण//

**आज से 50 साल पहले इस्कॉन के संस्थापक आचार्य स्वामी प्रभुपाद कार में कैलिफोर्निया हाईवे पर जा रहे थे। खिड़की के बाहर दूर से बहुमंजली अट्टालिकाओं की कतार दिखाई दे रही थी। श्री प्रभुपाद के मुंह से अचानक निकला कि इन लोगों ने रावण की सोने की लंका बना कर खड़ी कर दी है, जो एक दिन खाक हो जाएगी। जिस तेजी से लॉस एंजेलिस का हॉलीवुड इलाका भयावह आग की चपेट में हर क्षण खाक हो रहा है, उससे 50 वर्ष पूर्व की गई एक सिद्ध संत की भविष्यवाणी सत्य हो रही है।**

कैलिफोर्निया राज्य के शहर लॉस एंजेलिस के जंगलों में फैली आग भयावह रूप लेती जा रही है। अब तक इस आग की चपेट में छह जंगल आ चुके हैं, और इसका दायरा निरंतर बढ़ता जा रहा है। आग की वजह से अब तक दस लोगों की मौत हो चुकी है, और लगभग दो लाख से अधिक लोगों को अपना घर छोडने़ पर मजबूर होना पड़ रहा है। तेज हवा राहत कार्य में बाधक बन रही है। चार लाख से अधिक घरों की बिजली कटी हुई है। कैलिफोर्निया के इतिहास में इसे सबसे विनाशकारी हादसा बताया जा रहा है।

शुरू में महज 10 एकड़ के इलाके में लगी यह आग कुछ ही दिनों..एकड़ में फैल गई। पूरे शहर में धुएं के बादल छाए हुए हैं। इस भयावह आग से अभी तक अनुमानित लगभग 135-150 अरब डॉलर (12 हजार अरब रुपयों) का नुकसान हो चुका है। हॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री पेरिस हिल्टन के मकान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। मालिबू नगर में समुद्र के किनारे बने फिल्मी सितारों के खूबसूरत घर अब मलबे में तब्दील हो चुके हैं, और इनके केवल जले हुए अवशेष ही बचे हैं। अमेरिका की उपराष्टपति कमला हैरिस का घर भी खतरे में है। इसके चलते उनके घर को भी खाली कराया गया है। राजनीति, उद्योग और सिने जगत की कई जानी-मानी हस्तियों के आलीशान मकानों को भी खाली करने के आदेश जारी हुए हैं।

उल्लेखनीय है कि लॉस एंजेलिस अमेरिका की सबसे ज्यादा आबादी वाली काउंटी है। यहां 1 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। कैलिफोर्निया में कई सालों से सूखे के हालात हैं। इलाके में नमी की कमी है। इसके अलावा, यह राज्य अमेरिका के दूसरे इलाकों की तुलना में काफी गर्म है। यही वजह है कि यहां पर गर्मी के मौसम में अक्सर जंगलों में आग लग जाती है।

यह सिलसिला बारिश का मौसम आने तक जारी रहता है। बीते कुछ सालों से हर मौसम में आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। पिछले 50 सालों में कैलिफोर्निया के जंगलों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है। कैलिफोर्निया में जंगलों के पास रिहायशी इलाके बढ़े हैं। ऐसे में आग लगने पर नुकसान ज्यादा होता है। 1933 में लॉस एंजेलिस के ग्रिफिथ पार्क में लगी आग कैलिफोर्निया की सबसे बड़ी आग थी। इसने करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था। करीब 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़कर दूसरे शहरों जाना पड़ा था।

मौसम के हालात और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की वजह से आने वाले दिनों में इस आग के और भड़कने की आशंका जताई जा रही है। अमेरिकी की बीमा कंपनियों को डर है कि यह अमेरिका के इतिहास में जंगलों में लगी सबसे महंगी आग साबित होगी क्योंकि आग के दायरे में आने वाली संपत्तियों की कीमत बहुत ज्यादा है। यदि आग के कारणों की बात करें तो अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से यह कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध जलवायु परिवर्तन से भी है।पर्यावरण विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती गर्मी, लंबे समय तक सूखा और प्यासे वायुमंडल सहित जलवायु परिवर्तन पश्चिमी अमेरिका के जंगलों आग के खतरे और इसके फैलने की प्रमुख वजह रहे हैं। अमेरिका में दक्षिणी कैलिफोर्निया में आग लगने का मौसम आम तौर पर मई से अक्टूबर तक माना जाता है। परंतु राज्य के गवर्नर गैविन न्यूसम ने मीडिया को बताया कि आग लगना पूरे साल की एक समस्या बन गई है। इसके साथ ही इस आग को फैलाने का एक बड़ा कारण सेंटा एना' हवाएं भी हैं, जो जमीन से समुद्र तट की ओर बहती हैं। माना जाता है कि करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की गति से चलने वाली इन हवाओं ने आग को अधिक भड़काया। ये हवाएं साल में कई बार बहती हैं।

अमेरिका हो, भारत हो या विश्व का कोई भी देश, चिंता की बात यह है कि यहां के नेता कभी पर्यावरणवादियों की सलाह को महत्त्व नहीं देती। पर्यावरण के नाम पर मंत्रालय, विभाग और अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सब कागजी खानापूरी करने के लिए हैं। कॉरपोरेट घरानों के प्रभाव में और उनकी हवस को पूरा करने के लिए सारे नियम और कानून ताक पर रख दिए जाते हैं। पहाड़ हों, जंगल हों, नदी हो या समुद्र का तटीय प्रदेश, हर ओर विनाश का ऐसा ही तांडव जारी है।

विकास के नाम पर होने वाले विनाश यदि ऐसे ही चलते रहेंगे तो भविष्य में इससे भी भयंकर त्रासदी आएंगी। अमेरिका जैसे संपन्न और विकसित देश में जब ऐसे हादसे बार-बार होते हैं, तो लगता है कि वहां भी जाने-माने पर्यावरणविद्, इंजीनियर और वैज्ञानिकों के अनुभवों और सलाहों को खास तवज्जो नहीं दी जाती। यदि इनकी सलाहों को गंभीरता से लिया जाए तो शायद आनेवाले समय में ऐसा न हो। एक शोध के अनुसार जलवायु परिवर्तन पर नजर रखने वाले यूएन के वैज्ञानिकों ने अक्टूबर, 2018 में चेतावनी दी थी कि अगर पर्यावरण को बचाने के लिए कड़े कदम नहीं उठाए गए तो बढ़ते तापमान की वजह से 2040 तक भयंकर बाढ़, सूखा, अकाल और जंगल की आग का सामना करना पड़ सकता है। दुनिया का कोई भी देश हो, क्या कोई इन वैज्ञानिक शोधकर्ताओं और विशेषज्ञों की सलाह को कभी सुनेगा।

# स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति

//डॉ. सुरेन्द्र कुमार मिश्र//

**हिन्द महासागर में चालाक चीन की चुनौती का जवाब देने और शक्तिशाली ब्लू वाटर नेवी' बनने की दिशा में भारतीय नौसेना न केवल आत्मनिर्भरता के साथ आधुनिकीकरण की दिशा में कदम बढ़ाए हैं, बल्कि जलयानों की संख्या में भारी वृद्धि करने का निर्णय लिया है। यही कारण कि आज अग्रिम पंक्ति के दो अत्याधुनिक युद्धपोत नीलगिरि और सूरत के साथ ही वाग्शीर नामक एक सशक्त पनडुब्बी नौ सेना के बाड़े में शामिल हो रही है। भारतीय नौ सेना के इतिहास में पहली बार एक साथ दो युद्धपोत एवं एक पनडुब्बी को साथ शामिल किया जा रहा है। उनके शामिल हो जाने से भारतीय नौ सेना की परिचालन क्षमता एवं युद्ध तत्परता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।**

नीलगिरि प्रोजेक्ट, 17 ए. स्टील्थ फ्रिगेट का पहला युद्धक जलयान है जो, सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी 1 प्रोजेक्ट 17 स्टील्थ फ्रिगेट का पहला जलयान है, जो सेवा में सक्रिय शिवालिक श्रेणी (प्रोजेक्ट 17) फ्रिगेट का अनुवर्ती है। नीलगिरि एम डी एल, मुम्बई और जीआरएस ई, कोलकाता द्वारा निर्माणाधीन सात पी 17 ए फ्रिगेट्स में पहला है। ये बहुउद्देशीयीय युद्धपोत भारत के समुद्री हितों के क्षेत्र में पारम्परिक तथा गैरपारम्परिक दोनों प्रकार के संकट से निपटने के लिए गहरे समुद्री' वातावरण में कार्य करने में सक्षम है।

नवीनतम तकनीकी से युक्त इन जलयानों का निर्माण भी एकीकृत निर्माण' दर्शन का उपयोग करके किया गया है। यह जलयान संयुक्त रूप से डीजल या गैस (सीओडीओजी) मेन प्रोपल्शन द्वारा संचालित होता है। इसमें सुपरसोनिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली, 76 मिमी. उन्नत तोप और तीव्रगति प्रहारक नजदीकी हथियार पण्रालियों से सुसज्जित है। आत्मनिर्भरता के साथ राष्ट्र निर्माण को विशेष रूप से दृष्टि में रखते हुए इस जलयान में 75 प्रतिशत स्वदेशी सामग्री का उपयोग हुआ है।

नीलगिरि के निर्माण कार्य की आधारशिला 28 दिसम्बर 2017 को रखी गई और निर्मित इस पोत को पहली बार 28 सितम्बर 2019 को समुद्र में उतारा गया। यह जलपोत 24 अगस्त को अपने पहले समुद्री परीक्षण के लिए रवाना किया गया और तब से बंदरगाह व समुद्र में इसके व्यापक परीक्षण किए गए हैं। अब इसे भारतीय नौ सेना को सौंप दिया गया है। स्टील्थ तकनीक युक्त यह जलपोत कई प्रकार के हेलीकॉप्टर संचालित करने की क्षमता के साथ अत्याधुनिक हथियार और सेंसरयुक्त है। सूरत' जलपोत गाइडेड मिसाइल युक्त विध्वंसक जंगी जलपोत भी भारतीय नौ सेना को मिलने जा रहा है। विशाखापट्टनम क्लास मिसाइल विध्वंसक जलयान के नौ सेना में शामिल होने से भारत की समुद्री शक्ति और अधिक बढ़ जाएगी, क्योंकि इसके साथ बराक और ब्रहमोस मिसाइलें लगी हुई हैं। सूरत प्रोजेक्ट 15 की स्टील्थ गाइडेड मिसाइल विध्वंसक श्रेणी का चौथा और अंतिम जलपोत है, जो विगत तीन वर्षो में शामिल किए गए अपने पूर्ववर्ती भारतीय नौ सेना के जलयानों विशाखापट्टनम, मोरमुगाओ तथा इम्फाल के बाद आया है। यार्ड 12707 सूरत को भारतीय नौ सेना को सौंपा जाना, उस प्रतिष्ठित स्वदेशी विध्वसंक निर्माण परियोजना का समाधन है, जो प्रोजेक्ट 15 (तीन दिल्ली श्रेणी) के साथ शुरू हुई थी। यह 7400 टन भार विस्थापित करने वाला तथा 164 मीटर लम्बा व एक निर्देशित मिसाइल युक्त विध्वसंक श्रेणी का जलपोत है। नौ सेना के विवसंक पोत सूरत' में सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जलयान रोधी मिसाइलों तथा तारपीडो सहित अत्याधुनिक हथियारों व सेंसरों से सुसज्जित है।

यह स्वदेशी रूप से विकसित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस समाधान का उपयोग करने वाला भारतीय नौ सेना का पहला एआई सक्षम युद्धपोत होगा। यह जलपोत समुद्र के भीतर युद्ध करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित पनडुब्बी रोधी हथियारों और सेंसर से लैस है। वाग्शीर कलवरी क्लास प्रोजेक्ट-75 के अंतर्गत छठी स्कार्पीन क्लास पनडुब्बी दुनिया की सबसे शांत एवं बहुमुखी डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों में से एक है।

इसे एंटी सरफेस वारफेयर, एंटी सबमरीन वारफेयर, खुफिया जानकारी जुटाने, क्षेत्र की निगरानी और विशेष अभियानों सहित अनेक तरह के मिशन को अंजाम देने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। भारत की ब्लू वाटर नौसेना समुद्री मोर्चे पर शांति स्थापित करने में अपना अनवरत सक्रिय सहयोग देती रही है। वर्तमान भू-राजनीतिक परिदृश्य को देखते हुए भारतीय नौसेना को निरंतर सजग एवं सतर्क रहने की जरूरत है। स्वदेशीकरण और नवाचार के प्रति भारतीय नौसेना का दृष्टिकोण सकारात्मक सिद्ध हो रहा है। युद्धक पोत नीलगिरि', विध्वसंक पोत सूरत' और पनडुब्बी वाग्शीर' का संयुक्त कमीशन रक्षा आत्मनिर्भरता और स्वदेशी जलयान निर्माण में भारत की अद्वितीय प्रगति का ही प्रतीक है। हिन्द महासागर क्षेत्र में अपनी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आधुनिक भारतीय नौसेना का तेजी के साथ नवीनीकरण हो रहा है।

# गौमाता सारे संसार की जननी समान

जब से मुसलमान शासक भारत में आए तब से गौवंश की हत्या होनी शुरू हुई। हिन्दू लाख समझाते रहे कि गौमाता सारे संसार की जननी के समान है। उसके शरीर के हर अंश में लोक कल्याण छिपा है और तो और उसके मूत्र-गोबर तक औषधियुक्त हैं, इसलिए उसकी हत्या नहीं, बल्कि पूजन किया जाना चाहिए पर यवनों पर असर नहीं पड़ा। आज भी मूर्खतावश बहुत से मुसलमान गौवंश की हत्या करते हैं। अक्सर यह दोनों धर्मो के बीच विवाद का विषय रहता है। अंग्रेज जब भारत में आए तो उन्होंने हिन्दुओं का मजाक उड़ाया। वे अपने सीमित ज्ञान के कारण समझने में असमर्थ थे कि हिन्दू गौवंश का इतना सम्मान क्यों करते हैं। आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वालों ने भी इस हिन्दू मान्यता पर ध्यान नहीं दिया।कुछ वर्ष पहले जब सूचना आई कि गौमूत्र का औषधि के रूप में अमेरिका में पेटेंट हो गया है, तो देश में सनसनी पैदा हो गई। योग और आयुर्वेद की तरह पूरी दुनिया जल्द ही गौमाता के महत्त्व को स्वीकारने लगेगी। हमेशा की तरह हम अपनी ही धरोहर को विदेशी पैकेज में कई गुना दामों में खरीदने पर मजबूर होंगे। जिस तरह पेप्सी कंपनी हमारे बाजारों से दो रुपये किलो आलू खरीद कर 250 रुपये किलो के चिप्स बेचती है वैसे ही आने वाले दिनों में गौमूत्र और गोबर सुंदर पैकेजिंग और आकषर्क विज्ञापनों के सहारे सैकड़ों रुपये कीमत पर बिकेगा। शास्त्रीय और वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुका है कि गौमाता के शरीर के हर हिस्से से हम पर कृपा बरसती है। अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हृदय विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि हृदय रोगियों के लिए देशी गाय का दूध उपयोगी है। देशी गाय के दूध के कण सूक्ष्म और सुपाच्य होते हैं। मस्तिष्क की सूक्ष्मतम नाडियों में पहुंच कर मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करते हैं। देशी गाय के दूध में केरोटीन (विटामिन-ए) नाम का पीला पदार्थ रहता है, जो नेत्र ज्योति बढ़ाता है। चरक सूत्र स्थान 1/18 के अनुसार, देशी गाय का दूध जीवन शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्यों में सर्वश्रेष्ठ है। देशी गाय के दूध में 8 प्रतिशत प्रोटीन, 8 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 0.7 प्रतिशत मिनरल (100 आईयू) विटामिन ए और विटामिन बी, सी, डी एवं ई होता है। निघंटु के अनुसार देशी गाय का दूध रसायन, पथ्य, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकारी, बुद्धिवर्धक, आयुप्रद, पुंसत्वकारक तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) नाशक है। गौघृत खाने से कोलेस्टरोल नहीं बढ़ता।

रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के शोधानुसार देशी गाय के घी में मनुष्य शरीर में पहुंचे रेडियोधर्मी कणों का प्रभाव नष्ट करने की असीम शक्ति है। गौघृत से यज्ञ करने से ऑक्सीजन बनती है। देशी गाय के घी को चावल के साथ मिला कर जलाने से (यज्ञ) ईथीलीन ऑक्साइड, प्रोपीलीन ऑक्साइड और फोरमैल्डीहाइड नाम की गैस पैदा होती है।ईथीलीन ऑक्साइड और फारमैल्डीहाइड जीवाणी रोधक हैं, जिनका उपयोग ऑपरेशन थिएटर को कीटाणुरहित करने में होता है। प्रोपीलीन ऑक्साइड वष्रा करने के उपयोग में आती है अर्थात गौघृत द्वारा किए गए यज्ञ से वातावरण की शुद्धि और वष्रा होना स्वाभाविक परिणाम हैं। भाव प्रकाश निघंटु के अनुसार गौघृत नेत्र हितकारी, अग्निप्रदीपक, त्रिदोष नाशक, बलवर्धक, आयुवर्धक, रसायन, सुगंधयुक्त, मधुर, शीतल, सुंदर और सब घृतों में उत्तम होता है। गौमूत्र में ताम्र होता है जो मानव शरीर में स्वर्ण के रूप में परिवर्तित हो जाता है।

## तस्वीरों की दुनिया


केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के दिल्ली कैंट स्थित एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर के दौरे की झलकियां।


भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ नई दिल्ली में भारतीय विद्या भवन में नंदलाल नुवाल सेंटर ऑफ इंडोलॉजी की आधारशिला रखते हुए।




केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव नई दिल्ली में भारत मंडपम में एसआईएएम द्वारा आयोजित सतत परिपत्रता पर तीसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में।



आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने नई दिल्ली स्थित पार्टी कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया।


श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के साधुओं ने प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान पट्टाभिषेक अनुष्ठान किया।


एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली में डीजी एनसीसी आरडीसी-2025 कैंप करिअप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के दौरान मार्च पास्ट किया।


जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार के दौरान।

# विवेक रामास्वामी छोड़ेंगे एलन मस्क का साथ! ट्रंप ने बनाया DOGE सलाहकार समूह, उठने लगे कई सवाल



**वाशिंगटन, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सरकारी दक्षता विभाग में एक सलाहकार समूह का गठन कर दिया है। इस विभाग का उद्देश्य अमेरिका में सरकारी नौकरियों में कटौती करना है। हालांकि विभाग के संचालन को चुनौती दी गई है। सरकारी दक्षता विभाग को टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और विवेक रामास्वामी मिलकर चला रहे हैं। यह विभाग कई संघीय एजेंसियों को खत्म करने की सिफारिश करेगा। इसके अलावा संघीय सरकार की तीन चौथाई नौकरियों में कटौती भी की जाएगी। ट्रंप ने सोमवार को अपने उद्घाटन भाषण में कहा कि हमारी सरकार में क्षमता और प्रभावशीलता को बहाल किया जाएगा। मेरा प्रशासन बिल्कुल नया सरकारी दक्षता विभाग स्थापित करेगा। कहा जा रहा है कि नाम के अलावा यह समूह कोई विभाग नहीं है। वहीं इसके पास पुनर्गठन करने की आधिकारिक शक्ति भी नहीं है। यही वजह है कि दक्षता विभाग के कामकाज पर सवाल उठने लगे हैं।

अदालत में कई मुकदमे दाखिल किए गए हैं। जनहित कानून फर्म नेशनल सिक्योरिटी काउंसलर्स ने घोषणा के कुछ ही मिनटों के भीतर मुकदमा दायर कर दिया। इसमें आरोप लगाया गया कि समूह संघीय सलाहकार समितियों को नियंत्रित करने वाले 1972 के कानून का उल्लंघन कर रहा है।अमेरिकन पब्लिक हेल्थ एसोसिएशन, अमेरिकन फेडरेशन ऑफ टीचर्स और वाशिंगटन में सिटीजन फॉर रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड एथिक्स और एक निगरानी समूह ने भी ऐसा ही किया है। एक अन्य निगरानी समूह पब्लिक सिटीजन ने विभाग की अनिश्चित कानूनी स्थिति को लेकर मुकदमा किया है। इन एसोसिएशन का कहना है कि तथाकथित विभाग का कामकाज अस्पष्ट बना है। पोलिटिको ने सोमवार को अपने एक करीबी व्यक्ति का हवाला देते हुए कहा कि रामास्वामी ओहियो के गवर्नर बनने की दौड़ में है। इस वजह से विभाग छोड़ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक रामास्वामी जनवरी के आखिरी हफ्ते तक आधिकारिक एलान कर सकते हैं।अमेरिका में सरकारी अपव्यय को कम करने पर सलाहकार समितियों की घोषणा अक्सर बहुत धूमधाम से की जाती है और आमतौर पर कुछ खास हासिल नहीं होता है। 1982 में तत्कालीन राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन ने कार्यकारी शाखा के खर्च की समीक्षा करने के लिए निजी क्षेत्र के उत्कृष्ट विशेषज्ञों को मिलाकर एक समूह बनाया था। इसने अपनी रिपोर्ट 18 महीने देरी से पेश की थी। खास बात यह है कि इसकी अधिकांश सिफारिशों को कभी लागू ही नहीं किया गया।

## मेक्सिको सीमा पर सख्ती से लेकर थर्ड जेंडर खत्म करने तक, ट्रंप ने कर दिए बड़े एलान

**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ले ली है। शपथ के बाद ट्रंप ने देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज से अमेरिका के स्वर्ण युग की शुरुआत हो रही है।जो बाइडन पर निशाना साधते हुए ट्रंप ने कहा कि बाइडन ने कानून का गलत उपयोग किया। उन्होंने मैक्सिको की सीमा पर इमरजेंसी घोषित करने का भी एलान किया। ट्रंप ने कहा कि उनकी सरकार घुसपैठियों से सख्ती ने निपटेगी। शपथ ग्रहण के बाद ट्रंप ने कहा, हमारी नीति अमेरिका फर्स्ट की होगी। बदलाव की आज से शुरुआत होगी। दुनिया अमेरिका का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई खत्म करने का वादा किया। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका में अब तेजी से बदलाव होगा। अब हम घुसपैठ नहीं होने देंगे। अवैध प्रवासियों को वहीं छोड़कर आएंगे, जहां से वे आए थे। डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिका जल्द ही पहले से कहीं अधिक महान, मजबूत और कहीं अधिक असाधारण बनेगा। मैं राष्ट्रपति पद पर इस विश्वास और आशा के साथ लौट रहा हूँ कि हम राष्ट्रीय सफलता के एक रोमांचक नए युग की शुरुआत कर रहे हैं।

## नियमावली के बिना पदोन्नति और तैनाती पर योगी सरकार सख्त, 150 लेखा परीक्षकों के प्रमोशन रद्द



**लखनऊ, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश सरकार ने निदेशक सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा द्वारा करीब 150 ज्येष्ठ लेखा परीक्षकों की सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के पद पर मनमाने ढंग से की गई पदोन्नति एवं तैनाती सोमवार को निरस्त कर दी। इसके साथ ही निदेशक से इस मामले की मूल पत्रावली तत्काल शासन भेजने के निर्देश दिए गए हैं। योगी सरकार ने 31 दिसंबर को उत्तर प्रदेश अधीनस्थ (सहकारी समितियां एवं पंचायत) लेखा परीक्षा सेवा संवर्ग का पुनर्गठन किया था। इसके तहत शासन ने सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के करीब 255 पदों की संख्या बढ़ाकर 405 कर दिया था। इस तरह सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी के करीब 150 पद रिक्त हो गए थे। पुनर्गठन का शासनादेश जारी होने के बाद नियमावली बननी थी। नियमावली कैबिनेट की स्वीकृति के बाद ही लागू की जा सकती थी, लेकिन निदेशक सहकारी समितियां एवं पंचायत लेखा परीक्षा पद्म जंग ने नियमावली बने बगैर ही आनन-फानन में 31 दिसंबर को ही 150 सहायक लेखा परीक्षा अधिकारियों की पदोन्नति कर दी।पदोन्नति करने के बाद 16 जनवरी को इन लेखा परीक्षकों को नई तैनाती भी दे दी गई। इस निर्णय की जानकारी जैसे ही शासन को लगी, उसने निदेशालय से सवाल-जवाब किया। नियमावली जारी हुए बगैर ही पदोन्नति करने व तैनाती किए जाने को लेकर शासन ने नाराजगी भी जताई। विशेष सचिव वित्त समीर वर्मा ने सोमवार को सभी पदोन्नतियां व तैनातियां निरस्त कर दी हैं।

## मैंने खुद 70 घंटे काम किया, मगर किसी को जबरन ऐसा करने के लिए नहीं कह सकते, नारायण मूर्ति का नया बयान

**मुंबई, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

इंफोसिस के सह संस्थापक एनआरएन नारायण मूर्ति ने कहा है कि किसी को जबरदस्ती लंबे समय तक काम करने के लिए नहीं कहा जा सकता। लेकिन, हर किसी को इस बारे में स्वयं सोचना चाहिए और इसकी जरूरत समझनी चाहिए।उन्होंने हाल ही में युवाओं को सप्ताह में 70 घंटे काम करने की सलाह दी थी। मूर्ति ने कहा कि उन्होंने इन्फोसिस में 40 साल तक हर सप्ताह 70 घंटे से ज्यादा काम किया। इस मुद्दे पर बहस नहीं, बल्कि स्वयं विचार करने की आवश्यकता है।नारायण मूर्ति ने कहा कि मैं सुबह 6.30 बजे कार्यालय पहुंचता था और रात 8.30 बजे निकलता था। मैंने ऐसा किया है। आईएमसी मुंबई में किलाचंद स्मृति व्याख्यान के बाद मूर्ति से कार्य-जीवन संतुलन पर सवाल पूछा गया।नारायण मूर्ति ने कहा कि यह उनके निजी जीवन की बातें हैं। इस पर बहस के स्थान पर आत्मनिरीक्षण जरूरी है। ऐसा कोई नहीं है जो कह सके कि आपको यह करना चाहिए, आपको यह नहीं करना चाहिए। 60 प्रतिशत भारतीय अभी भी हर महीने मुफ्त खाद्यान्न पर निर्भर हैं। इतनी गरीबी किसी देश के लिए अच्छी नहीं है। सभ्य समाज वह होता है, जहां अगली पीढ़ी के लिए जीवन बेहतर बनाया जाता है, इसके लिए काम किया जाता है। बता दें कि नारायण मूर्ति के बाद लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के चेयरमैन एसएन सुब्रह्मण्यण के बयान ने भी एक नई बहस को जन्म दिया।

# प्रलय मिसाइल देख कांप उठेंगे दुश्मन, गणतंत्र दिवस पर दुनिया देखेगी भारत की ताकत



**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

परंपरागत हथियारों को ले जाने में सक्षम नवविकसित सामरिक मिसाइल प्रलय को गणतंत्र दिवस पर स्वदेशी शस्त्र प्रणालियों के साथ कर्तव्य पथ पर प्रदर्शित किया जाएगा। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि गणतंत्र दिवस की परेड में अन्य स्वदेशी हथियारों के साथ प्रलय को भी प्रदर्शित किया जाएगा। प्रलय कम दूरी वाली सतह से सतह में मार करने वाली मिसाइल है जिसके पेलोड की क्षमता 500-एक हजार किलो है। इसकी मारक क्षमता 150 से 500 किमी की दूरी तक है। देश में विकसित और निर्मित एडवांस लाइट हेलीकाप्टर (एएलएच) ध्रुव इस बार 26 जनवरी की परेड में फ्लाइपास्ट का हिस्सा नहीं बन सकेगा। इन हेलीकाप्टरों की उड़ानों को रोकना एक तरह का झटका है। भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना और तटरक्षक दल फिलहाल 330 एएलएच हेलीकाप्टरों का इस्तेमाल कर रहे हैं।

रक्षा सचिव ने बताया कि 90 मिनट की परेड में 16 राज्यों और 15 मंत्रालयों की 31 झांकियां प्रदर्शित की जाएंगी। इस बार की परेड पर गहरी सांस्कृतिक छाप होगी। पांच हजार आदिवासी कलाकार अपना हुनर दिखाएंगे।भारतीय सेना के डेयरडेविल्स का विश्व रिकार्ड कर्तव्य पथ पर सोमवार को भारतीय सेना की मोटरसाइकिल सवारों की टीम डेयरडेविल्स ने कर्तव्य पथ पर विजय चौक से इंडिया गेट के बीच कलाबाजियां करते हुए सबसे बड़ा मानव पिरामिड बनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है।

सात मोटरबाइकों पर 20.4 फीट ऊंचे मानव पिरामिड बनाकर सेना के 40 जवानों ने दो किलोमीटर की दूरी तक हैरतअंगेज कारनामे किए। केंद्र सरकार ने घोषणा की है कि गणतंत्र दिवस परेड, एट होम कार्यक्रम और बीटिंग रिट्रीट समारोह से जुड़े सरकारी दफ्तर जल्दी बंद किए जाएंगे। कार्मिक मंत्रालय के आदेश के अनुसार इनमें से कुछ कार्यालय 23 जनवरी को फुल ड्रेस रिहर्सल और 28 जनवरी को एक विशेष शो के लिए पूरी तरह से बंद रहेंगे। बंद रखे जाने वाली संबंधित इमारतों की विभागीय सूची जारी की जा चुकी है।

## जॉन केनेडी, मार्टिन लूथर की हत्या से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज होंगे सार्वजनिक, सीबीपी वन एप हुआ बंद

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि वे राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी, उनके भाई रॉबर्ट एफ केनेडी और मार्टिन लूथर किंग जूनियर की हत्याओं से संबंधित रिकार्ड को शीघ्र ही सार्वजनिक करेंगे।यह कदम सरकार में विश्वास बहाल करने के उपायों का हिस्सा होगा। तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ केनेडी की नवंबर 1963 में डलास में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस हत्याकांड ने दशकों से विवाद और षड्यंत्र को जन्म दिया है।मार्टिन लूथर किंग की अप्रैल 1968 में मेम्फिस, टेनेसी में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उसी वर्ष जून में रॉबर्ट एफ केनेडी को कैलिफोर्निया में मौत के घाट उतार डाला गया था। उन्होंने उसी समय कैलिफोर्निया में डेमोक्रेटिक प्राइमरी में जीत हासिल की थी।इन तीनों हत्याकांडों ने अमेरिका को झकझोर कर रख दिया था। इतिहासकार इन घटनाओं को उस उथल-पुथल भरे दशक में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में देखते हैं।

# Uniform Civil Code की नियमावली पर उत्तराखंड कैबिनेट की मुहर, 26 जनवरी से हो सकती है लागू

**देहरादून, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

प्रदेश में समान नागरिक संहिता कानून लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कैबिनेट ने संहिता की नियमावली पर मुहर लगा दी है। नियमावली में स्पष्ट किया गया है कि लिव-इन में रहने वाले सभी व्यक्तियों को संहिता लागू होने के एक माह के भीतर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। यह पंजीकरण सिर्फ रजिस्ट्रार के सम्मुख होगा। निर्धारित तिथि तक पंजीकरण न कराने पर विलंब शुल्क वसूला जाएगा। 26 मार्च 2010 के बाद हुए विवाह का पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। जो अपना पंजीकरण करा चुके हैं, उन्हें भी पोर्टल पर इसकी सूचना देनी होगी। सभी प्रकार के पंजीकरण के लिए शासन ने पंचायत, नगर पालिका और नगर निगम स्तर पर अलग-अलग रजिस्ट्रार व सब रजिस्ट्रार भी बनाए हैं। सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में समान नागरिक संहिता की नियमावली पर चर्चा के बाद इसे स्वीकृति दी गई। निकाय चुनाव की आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण कैबिनेट के निर्णयों की मीडिया को ब्रीफिंग नहीं की गई। साथ ही कैबिनेट ने मुख्यमंत्री को समान नागरिक संहिता लागू करने की तिथि तय करने के लिए भी अधिकृत कर दिया है। ऐसी संभावना है कि 26 जनवरी से इसे राज्य में लागू किया जा सकता है। 92 पन्नों की इस नियमावली में प्रदेश के सभी नागरिकों के विवाह, विवाह विच्छेद, उत्तराधिकार के अधिकार, लिव इन रिलेशनशिप व लिव-इन रिलेशनशिप की समाप्ति का पंजीकरण करने की व्यवस्था बताई गई है।

देश में स्वतंत्रता के बाद समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य होगा। ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से कर सकेंगे पंजीकरण के लिए आवेदन। जहां इंटरनेट सुविधा नहीं, वहां सीएचसी के एजेंट घर-घर देंगे सुविधा।आधार कार्ड के आधार पर करा सकेंगे पंजीकरण। पोर्टल के माध्यम से भी की जा सकेंगी शिकायत। विवाह विच्छेदन की सभी प्रकार की सूचना के लिए 60 दिन का समय तय।लिव-इन में रहने वालों को एक माह के भीतर पंजीकरण कराना होगा अनिवार्य। पंचायत, पालिका व निगम स्तर पर उप रजिस्ट्रार व रजिस्ट्रार तैनात। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं प्रेरणा से हमने 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता से समान नागरिक संहिता लागू करने का वादा किया था। इसकी नियमावली पर मोहर लग गई है। जल्द इसे लागू करने की तिथि की घोषणा की जाएगी।

## भूकंप के झटकों से हिला ताइवान, अभी तक 15 लोग घायल, एक पुल टूटा

**ताइपे।** ताइवान में 6 तीव्रता के भूकंप से हड़कंप मच गया है। शुरुआती रिपोर्ट के मुताबिक 15 लोगों के घायल होने की खबर है। यूएस जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक मंगलवार को दोपहर 12.17 बजे दक्षिणी ताइवान में 6 तीव्रता का भूकंप आया है।ताइवान के केंद्रीय मौसम प्रशासन ने भूकंप की तीव्रता 6.4 दर्ज की है। जानकारी के मुताबिक युजिंग से 12 किलोमीटर उत्तर में 10 किलोमीटर की गहराई पर भूकंप का केंद्र रहा है। अभी किसी के मरने की खबर नहीं है। मगर 15 लोग घायल हुए हैं। बचाव दल अभी नुकसान का आकलन करने में जुटा है। ताइवान के अग्निशमन विभाग ने बताया कि मामूली रूप से घायल 15 लोगों को अस्पताल भेजा गया। इनमें एक बच्चा समेत वे छह लोग भी शामिल हैं, जिन्हें ताइनान शहर के नानक्सी जिले में क्षतिग्रस्त मकान से बचाया गया है।

# नरेन्द्र मोदी करेंगे ताबड़तोड़ तीन चुनावी रैलियां, बीजेपी ने बनाया बड़ा मास्टर प्लान

**नईदिल्ली, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिल्ली विधानसभा चुनाव में तीन चुनावी रैली को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल, धर्मेंद्र प्रधान, हरदीप सिंह पुरी, गिरिराज सिंह दिल्ली में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सहित भाजपा शासित अन्य राज्यों के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री भी दिल्ली में वोट मांगेंगे। भाजपा नेताओं का कहना है कि प्रधानमंत्री की रैली 27 व 30 जनवरी के साथ ही दो या तीन फरवरी को आयोजित करने की तैयारी है। इनमें दो रैली यमुना पार और एक बिजवासन या द्वारका में होगी। योगी आदित्य नाथ की 14 चुनावी रैली होगी। प्रत्येक जिले में उनकी एक रैली आयोजित करने का प्रस्ताव है। भाजपा ने स्टार प्रचारकों के माध्यम से दिल्ली में अलग-अलग वर्गों को साधेगी। मोदी सरकार ने ने दिल्ली में कई सड़कों का निर्माण किया है। कई सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है। हाल ही में भाजपा सांसदों की मांग पर भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने चार सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी है। गडकरी भी स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। दिल्ली के विकास में शहरी विकास मंत्रालय की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके मंत्री मनोहर लाल भी स्टार प्रचारक हैं। पिछले दिनों दिल्ली के किसानों की समस्या को लेकर कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आप सरकार को निशाने पर लिया है। वह भी दिल्ली में प्रचार करेंगे।

दिल्ली के मामलों को लेकर केजरीवाल को कठघरे में खड़ा करने वाले पूर्व मंत्री स्मृति इरानी व अनुराग सिंह ठाकुर के साथ ही सांसद हेमा मालिनी भी स्टार प्रचारक हैं। दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचलियों को जोड़ने की जिम्मेदारी मनोज तिवारी के साथ ही सांसद रवि किशन व पूर्व सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ पर रहेगी।

इनके साथ केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी प्रचार करेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, चुनाव प्रभारी बैजयंत जय पांडा, सह प्रभारी अतुल गर्ग व अल्का गुर्जर, सभी सातों सांसदों के साथ ही पूर्व मंत्री डॉ. हर्षवर्धन और पूर्व सांसद हंसराज हंस भी स्टार प्रचारक होंगे।

# ट्रंप ने संभाली अमेरिका की सत्ता, ड्रग तस्कर घोषित होंगे आतंकी, दूसरों की जंग में नहीं जाएगी US सेना

**वाशिंगटन, 21 जनवरी [एजेंसी]।**



डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया के सबसे शक्तिशाली देश की सत्ता संभाल ली है। उन्होंने सोमवार को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के तौर पर शपथ ली। शपथ ग्रहण के बाद तोपों की सलामी दी गई। जेडी वेंस ने उपराष्ट्रपति पद की शपथ ली है। शपथ लेने के बाद ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का स्वर्णिम युग शुरू हो गया है। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ट्रंप को बधाई दी है।भारतीय समय अनुसार, रात लगभग 10.30 बजे ट्रंप ने यूएस कैपिटल के अंदर बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश जान राब?र्ट्स ने उन्हें शपथ दिलाई। ट्रंप से पहले उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने शपथ ली। कड़ाके की ठंड के कारण इस बार शपथग्रहण यूएस कैपिटल के अंदर कैपिटल रोटुंडा (हाल) में आयोजित किया गया। कैपिटल रोटुंडा कैपिटल बिल्डिंग में गुंबद के नीचे है।शपथ ग्रहण के बाद अपने जोशीले भाषण में ट्रंप ने 20 जनवरी को मुक्ति दिवस बताया और घोषणा की कि अमेरिका का पतन समाप्त हो चुका है क्योंकि बहुत जल्द परिवर्तन होने वाला है।ट्रंप ने कहा कि पहले दिन ही कई कार्यकारी आदेश दूंगा। हमारी नीति अमेरिका फर्स्ट की होगी। बदलाव की आज से शुरुआत होगी। दुनिया अमेरिका का इस्तेमाल नहीं कर सकेगी। अमेरिका सबसे शक्तिशाली, सबसे सम्मानित राष्ट्र के रूप में अपना उचित स्थान पुनः प्राप्त करेगा। उन्होंने भ्रष्टाचार, महंगाई खत्म करने का वादा किया।

ट्रंप अमेरिका के इतिहास में दूसरे राष्ट्रपति हैं जो राष्ट्रपति के पहले कार्यकाल के बाद हार गए लेकिन चार साल बाद फिर राष्ट्रपति बनने में कामयाब रहे। ट्रंप ने राष्ट्रपति चुनाव में कमला हैरिस को हराया है। ट्रंप का पहला कार्यकाल 2017 से 2021 तक रहा। इससे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड अमेरिका के 22वें और 24वें राष्ट्रपति रहे थे।उनका पहला कार्यकाल 1885-89 तक और दूसरा कार्यकाल 1893-97 तक था। ट्रंप अमेरिका के पहले राष्ट्रपति हैं जिन्हें किसी अपराध में दोषी ठहराया गया है। न्यूयार्क की एक जूरी ने ट्रंप को एक पोर्न स्टार को दी गई गुप्त रकम को छिपाने के लिए हेराफेरी करने का दोषी पाया है। अमेरिका को महान बनाने के लिए ईश्वर ने बचाया चुनाव अभियान के दौरान जुलाई में खुद पर हुए हमले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, मेरी जिंदगी भगवान ने अमेरिका को महान बनाने के लिए बचाई। उन्होंने कहा, सबसे पहले, मैं हमारी दक्षिणी सीमा (अमेरिका-मैक्सिको सीमा) पर राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा करूंगा। सभी अवैध घुसपैठ को तुरंत रोक दिया जाएगा। अवैध प्रवासियों को वहीं भेजा जाएगा जहां से वे आए थे। इसके लिए प्रक्रिया जल्द शुरू करेंगे। मेक्सिको सीमा से बड़ी संख्या में अवैध प्रवासी अमेरिका में घुसते हैं।शपथ ग्रहण से पहले ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रंप व्हाइट हाउस पहुंचे थे, जहां बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन ने हाथ मिलाकर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा, व्हाइट हाउस में आपका स्वागत है।

इससे पहले ट्रंप वाशिंगटन के सेंट जान्स एपिस्कोपल चर्च गए।इस दौरान टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग भी उनके साथ थे। इससे पहले ट्रंप और नव-निर्वाचित उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने वर्जीनिया के अर्लिंग्टन नेशनल सेमेट्री में सैनिकों की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।शपथ ग्रहण समारोह में ट्रंप के उनके पूर्ववर्ती जो बाइडन, निवर्तमान उपराष्ट्रपति कमला हैरिस, पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, जार्ज डब्ल्यू बुश और बिल क्लिंटन मौजूद रहे। इस समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्री जयशंकर ने किया। समारोह में ट्रंप की पत्नी मेलानिया, उनकी बेटी इवांका और उनके पति जेरेड कुशनर और अरबपति करोबारी एलन मस्क, जेफ बेजोस और टिम कुक शामिल हुए।

## वैशाली की सोसायटी में आठ महीने से चल रहा गंदा काम, पुलिस ने दबिश तो खुला राज, आपत्तिजनक हालात में मिली लड़कियां



**साहिबाबाद, 21 जनवरी [एजेंसी]।**

कौशांबी थाना क्षेत्र के वैशाली में सेक्टर तीन वैशाली की एल्कान सोसायटी में सोमवार को पुलिस ने छापा मारकर देह व्यापार का पर्दाफाश किया है। मौके से संचालिका और एक ग्राहक को गिरफ्तार कर चार महिलाओं को रेस्क्यू किया है। पुलिस ने मौके से दो मोबाइल, आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है।सहायक पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम (कार्यवाहक) अजय कुमार ने बताया कि कौशांबी थाना पुलिस को सूचना मिली कि वैशाली सेक्टर तीन की एल्काल सोसासटी के एक फ्लैट में देह व्यापार चल रहा है। उन्होंने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। चार महिलाओं को रेस्क्यू किया गया। महिलाओं से जबरन देह व्यापार कराया जा रहा था। एक ग्राहक और महिला संचालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पकड़कर थाने ले आई। पूछताछ में ग्राहक और महिला संचालिका ने पुलिस को बताया कि देह व्यापार कराकर कमाई करती थी। पिछले आठ माह से किराये के फ्लैट में देह व्यापार चल रहा था। आधे घंटे के दो हजार रुपये लेते थे। इनमें से कुछ रुपये ही महिलाओं को देती थी। पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला ग्रेजुएट है और सोसायटी के ही अन्य फ्लैट में उसका परिवार रहता है।

सोसायटी में ग्राहकों की एंट्री कैसे कराती थी, फ्लैट का सत्यापन हुआ था या नहीं पुलिस इसकी जांच कर रही है।पुलिस जांच में सामने आया है कि महिला देह व्यापार के लिए प्रयोग होने वाले फोन में वाट्सएप स्टेट्स पर महिलाओं व युवतियों के फोटो लगाती थी। जिसे ग्राहक संपर्क करते थे। रुपये तय होने के बाद उन्हें फ्लैट का पता देती थी। इसके बाद वह यहां तक पहुंचते थे और उन्हें उसके कमरे तक पहुंचा दिया जाता था।दिल्ली से सटे कौशांबी थाना क्षेत्र का वैशाली इलाका पाश क्षेत्र में आता है। यहां पर पूर्व में तीन स्पा सेंटर की आड में देह व्यापार का पर्दाफाश हो चुका है। इसके पहले वैशाली सेक्टर चार में श्रीराम प्लाजा में दो स्पा सेंटर से संचालिक समेत सात पकड़े गए थे। इसके पहले शाप्रिक्स माल में छापा मारकर पर्दा फाश किया गया था।

## मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं: अक्षरा सिंह



भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की सफल अभिनेत्री अक्षरा सिंह खुद को चुस्त दुरुस्त रखने के लिए जिम में खूब पसीना बहा रही हैं। इसकी झलक उन्होंने इंस्टाग्राम पोस्ट में दिखाई। अक्षरा सोशल मीडिया पर सक्रिय रहती हैं और अक्सर निजी और काम से जुड़े पोस्ट साझा करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर वर्कआउट की तस्वीरें साझा करते हुए अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, मन से चाह लो तो दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है। चार तस्वीरों में से दो में अक्षरा जिम में पसीना बहाती हैं, तो दो में खुली छत पर एक्सरसाइज करती नजर आईं। तस्वीरों के अलावा, अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर फिटनेस ट्रेनर मसरूफ अहमद के एक वीडियो को साझा किया, जिसमें वह प्लैंक एक्सरसाइज करती दिखाई दीं। अभिनेत्री 10 किलो के प्लेट के साथ प्लैंक करती नजर आईं। भोजपुरी फिल्मों में कमाल के अभिनय के साथ अभिनेत्री बेहतरीन गायिका भी हैं। उन्होंने हाल ही में एक वीडियो साझा किया था, जिसमें वह महाकुंभ के महत्व को अपने गाने के साथ बताती नजर आईं। वीडियो के साथ उन्होंने लिखा, हिमालय से आते मुनि रमाते संगम में धूनी। अक्षरा सिंह ने महाकुंभ के लिए एक खास गाना तैयार किया है। गाने की पहली झलक अभिनेत्री ने 16 जनवरी को सोशल मीडिया पर साझा की थी। लेटेस्ट वीडियो में अभिनेत्री 'महाकुंभ में डुबकी लगाओ' नाम के गाने को गाती भक्ति-भाव में डूबी नजर आईं। अक्षरा सिंह की हालिया रिलीज अक्षरा दुनिया भर में धूम मचा रही है।

# बदबूदार सांसों से छुटकारा दिलाएंगे ये 10 घरेलू नुस्खे, डॉक्टर के मुताबिक आठवां तरीका सबसे आसान

मुंह की बदबू एक ऐसी समस्या है जिससे बहुत से लोग परेशान हैं. बदबूदार सांस कई कारण हो सकते हैं जैसे कि ठीक से ब्रश न करना, खाना खाने के बाद ठीक से मुंह न धोना, स्मोकिंग करना या तंबाकू खाना शामिल है. सांसों की बदबू से परेशान लोगों का सेल्फ कॉन्फिडेंस कम हो जाता है. चार लोगों के बीच में वे ठीक से बात नहीं कर पाते हैं. ऐसे में अगर आप भी ऐसी ही स्थिति का सामना कर रहे हैं? तो इसका काफी आसान और सस्ता घरेलू इलाज है. इस खबर के माध्यम से जानें क्या है यह सस्ता घरेलू इलाज...

1.ग्रीन टी-इसमें पाए जाने वाले एंटीबैक्टिरियल तत्व मुंह की बदबू को कम करने में सक्षम होते है.

2.मुलेठी-मुलेठी को प्रतिदिन चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है, साथ ही मुंह से बदबू आने की समस्या भी कम होती है. मुलेठी चबाने से मुंह का स्वास्थ्य बेहतर होता है

3.लौंग-लौंग को भी मुंह के स्वास्थ्य के लिए बेहतरीन माना जाता है. इसे हल्का भूनकर चबाने या मुंह में रख कर चूसते रहने से मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

4.पुदीना-पुदीने के पानी से कुल्ला करने या पुदीने की पत्ती को चबाने से भी मुंह की दुर्गन्ध दूर होती है.

5.सौंफ-सौंफ का सेवन ना सिर्फ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार होता है, बल्कि पाचन तंत्र के लिए भी फायदेमंद होता है. सौंफ मुंह की बदबू को दूर करने में मददगार

6.सूखा धनिया-सूखे धनिये को बेहतरीन मुखवास माना जाता है. इसे मुंह में रखकर चबाने से मुंह की दुर्गन्ध दूर हो जाती है.

7.तुलसी-प्रतिदिन तुलसी की पत्ती चबाने से भी मुंह की बदबू दूर हो जाती है. मुंह की बदबू भगाने के लिए तुलसी



की पत्ती चबाएं

8.नमक के पानी से कुल्ला-प्रतिदिन गर्म पानी में नमक डालकर कुल्ला करने से मुंह की दुर्गन्ध कम होती है और गले में संक्रमण की आशंका कम हो जाती है.

9.अमरूद की पत्तियां-अमरूद की पत्तियां औषधीय गुणों से भरपूर होती है. साथ ही उन्हें चबाने से मुंह की दुर्गन्ध कम होने के साथ ही मुंह के छालों में भी आराम मिलता है.

10.अनार का छिलका-आप अनार का छिलका भी मुंह की बदबू को दूर करने के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं. इसके लिए अनार के छिलके को पानी में उबालकर उस पानी से कुल्ला करें.

ध्यान देने वाली बात...

मुंह से दुर्गन्ध आना कई गंभीर बीमारियों के लक्षण भी हो सकते हैं. इसलिए यदि सांसों से बदबू के अलावा नाक बहने तथा बलगम वाली खांसी के साथ बुखार आए, गले में छाले हो और मसूड़ों में दर्द या उनसे खून निकले, तो तुरंत चिकित्सक की सलाह लेनी चाहिए...



## विक्की कौशल की छावा' का नया पोस्टर रिलीज,

'छावा' के मेकर्स ने फिल्म का एक पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया है। विक्की कौशल अभिनीत इस फिल्म के ट्रेलर की तारीख भी मेकर्स ने साझा की है।

फिल्म का नया पोस्टर एक खास वजह से रिलीज किया गया है। साथ ही क्या है ट्रेलर की तारीख?

फिल्म 'छावा' का पोस्टर इसलिए रिलीज किया गया है क्योंकि 344 साल पहले इस दिन उनका राज्याभिषेक हुआ और एक महान विरासत का आरंभ हुआ। छत्रपति संभाजी महाराज की इसी गौरव गाथा को फिल्म 'छावा' में दिखाया जाएगा। उनके अदम्य साहस की कहानी को सिनेमा के पर्दे पर लाया जाएगा।

मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म 'छावा' को प्रोड्यूस किया है। इसके डायरेक्टर लक्ष्मण उतेकर हैं। फिल्म का ट्रेलर 22 जनवरी को रिलीज होगा। हाल ही में फिल्म का जो पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया, उसके कैप्शन में इस बात का जिक्र है।

फिल्म 'छावा' के पोस्टर में विक्की कौशल सिंहासन पर बैठे हुए नजर आए रहे हैं। वह मराठा साम्राज्य के इतिहास और गौरव को सिनेमा के पर्दे पर लाने के लिए तैयार नजर आते हैं। इस फिल्म को लेकर विक्की कौशल काफी उत्साहित हैं, उन्होंने संभाजी महाराज की भूमिका को निभाने के लिए काफी मेहनत की है।

फिल्म 'छावा' में विक्की कौशल के अलावा कई और कलाकार भी हैं। इस फिल्म में रश्मिका मंदान भी नजर आएंगी।

# सप्ताह में तीन दिन भूलकर भी ना खरीदें और पहनें नए कपड़े, ज्योतिष से जानें कैसे हो जाता है भाग्य खराब

शॉपिंग करना और नए कपड़े पहनना हम सभी को बहुत पसंद होता है, लेकिन अगर हम सही दिन का चुनाव ना कर यह कार्य करें तो परेशानियों का सामना करना पड़ जाता है. नए कपड़े हमें निगेटिव एनर्जी सफलता की उम्मीद बहुत कम होती है. लेकिन अगर दिन का चुनाव सही हो तो कपड़े न सिर्फ सकारात्मक ऊर्जा और उत्साह लाते हैं बल्कि सौभाग्य भी लेकर आते हैं.

नए कपड़े पहनने के लिए मंगलवार और शनिवार और रविवार को सबसे अशुभ माना जाता है. अगर आप शॉपिंग पर जाने का प्रोग्राम बना रहे हैं तो शुक्रवार का दिन सबसे अच्छा माना जाता है. इसके पीछे कारण यह है कि शुक्र को धन, ऐश्वर्य और सुख, वस्त्र का कारक माना जाता है. शुक्रवार को नए कपड़े खरीदने और पहनने पर शुक्र देव खुश होते हैं और उनकी विशेष कृपा होती है. बुधवार, गुरुवार, और शुक्रवार को नए कपड़े पहनना शुभ माना जाता है. सोमवार को मध्यम शुभ माना जाता है.



शनिवार, रविवार, और मंगलवार को नए कपड़े न पहनने की वजहें...

शनिवार को नए कपड़े पहनने से शनिदेव रूष्ट हो जाते हैं, इस दिन नए कपड़े पहनने से ग्रह दोष भी लगता है और धन हानि होती है.

रविवार को नए कपड़े पहनने से सूर्य ग्रह के दोष की संभावना बढ़ जाती है और मंगलवार को नए कपड़े पहनने से गुस्सा अधिक बढ़ता है और विवाद की आशंका बढ़ती है. अगर किसी वजह से इन दिनों नए कपड़े पहनने पड़ें, तो इन उपायों को जरूर अपनाएं...

नए कपड़े पर पानी में थोड़ा नमक मिलाकर छींट मार दें.

नए कपड़े को किसी और को पहनाकर फिर खुद पहनें.

बुधवार, गुरुवार, और शुक्रवार को नए कपड़े पहनना शुभ माना जाता है.

नये कपड़े बहुत साफ होने चाहिए

अगर खरीदा गया नया कपड़ा पूरी तरह से साफ नहीं है तो यह आपके लिए अशुभ होगा. कई बार नए कपड़ों पर स्याही, कालिख, कीचड़, गोबर या किसी भी तरह की गंदगी लगी होती है जिससे हमें बचना चाहिए. फटे और जले हुए कपड़े न पहनें क्योंकि इसमें राहु का वास माना जाता है. इसके अलावा बिना धुले नए कपड़े पहनने से बुध ग्रह नाराज हो जाता है. बिना धुले कपड़े पहनने से बीमारियां और स्किन इंफेक्शन का भी खतरा रहता है. पुराने कपड़े कभी न फेंके

जब हमारे कपड़े पुराने हो जाते हैं तो हम उन्हें फेंक देते हैं लेकिन हमें ऐसा बिल्कुल नहीं करना चाहिए. पुराने कपड़ों को फेंकने की बजाय उन्हें दान कर देना चाहिए.

## इमरजेंसी की कमाई में उछाल, नहीं बढ़ी अजय देवगन की आजाद की कमाई



कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी की ज्यादातर लोगों ने तारीफ की है, वहीं इस फिल्म में कंगना की अदाकारी की भी खूब तारीफ हो रही है। वो बात अलग है कि कमाई के मामले में यह फीकी पड़ गई है। इसकी शुरुआत कुछ खास नहीं रही। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में इजाफा जरूर हुआ, लेकिन इससे फिल्म को कुछ खास फायदा मिलता नजर नहीं आ रहा है। उधर अजय देवगन की फिल्म आजाद का हाल-बेहाल है। सैकनिल्क के मुताबिक, इमरजेंसी ने पहले दिन 2.35 करोड़ रुपए कमाए थे और दूसरे दिन इसकी कमाई में मामूली इजाफा हुआ। रिलीज के दूसरे दिन इसने 3.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इस तरह 2 दिन में कंगना की इस फिल्म ने भारत में कुल 6.61 करोड़ रुपये कमा लिए हैं। यह कलेक्शन देख उम्मीद की जा रही है कि रविवार यानी तीसरे दिन भी फिल्म की कमाई में अच्छा उछाल आ सकता है। कंगना के खाते में पिछले 10 साल से एक भी हिट फिल्म नहीं आई है। साल 2015 में रिलीज हुई तनु वेड्स मनु रिटर्न्स उनकी आखिरी हिट फिल्म थी। इसके बाद आई लव न्यू यॉर्क, कट्टी बट्टी, रंगून और सिमरन बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रहीं। 2019 में आई फिल्म मणिकर्णिका बॉक्स ऑफिस पर औसत साबित हुई। इसके बाद कंगना जजमेंटल है क्या, पंगा, थलाईवी, धाकड़ और तेजस में दिखीं, लेकिन ये तमाम फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप हुईं.



## ऑफ शोल्डर ड्रेस में अवनीत कौर ने दिखाई दिलकश अदाएं

अवनीत कौर ने छोटे पर्दे से अपने करियर की शुरुआत कर फैंस के बीच अच्छी-खासी पॉपुलैरिटी हासिल की है। उनका कातिलाना अवतार इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने बेहद ही सिजलिंग अंदाज में फोटोशूट करवाया है। उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाएं बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉट एंड सेक्सी अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं।

अवनीत कौर की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने व्हाइट कलर का ऑफ शोल्डर आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

खुले बाल को कर्ली लुक में स्टाइल कर के और साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

अवनीत कौर की इन तस्वीरों को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 2 लाख 70 हजार से ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर लाइक कर दिए हैं।

एक यूजर ने एक्ट्रेस अवनीत कौर की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- सो स्वीट एंड लवली। दूसरे यूजर ने लिखा है- गॉर्जियस लुक। तीसरे यूजर ने लिखा है- टू मच हॉट।

## विश्वक सेन स्टारर लैला का पहला सिंगल सोनू मॉडल रिलीज

विश्वकसेन की आगामी फिल्म लैला, जो 14 फरवरी, 2025 को रिलीज़ होगी, रोमांस और एक्शन का एक अपरंपरागत मिश्रण का वादा करती है। राम नारायण द्वारा निर्देशित और शाइन स्क्रीन के तहत साहू गरपति द्वारा निर्मित, लैला का पहला सिंगल, सोनू मॉडल, ने अपने संगीत अभियान की शुरुआत कर दी है। विश्वकसेन द्वारा लिखा गया यह ऊर्जावान वाइब एंथम उनके चरित्र के आकर्षण और चुलबुले स्वभाव को दर्शाता है। लियोन जेम्स द्वारा रचित, सोनू मॉडल की आकर्षक धुनें और नारायण रविशंकर और रेशमा श्याम द्वारा जीवंत स्वर सोनू की चुंबकीय लोकप्रियता को दर्शाते हैं। विश्वकसेन के गतिशील डांस मूव्स और भव्य फिल्मांकन ने गीत को एक दृश्य दावत बना दिया है, जो लैला के लिए मंच तैयार करता है. लैला में अनुभवी तकनीशियन हैं, जिनमें वासुदेव मूर्ति की पटकथा, रिचर्ड प्रसाद की छायांकन, ब्रह्मा कदली का कला निर्देशन और लियोन जेम्स की संगीत रचना शामिल है।

## शब्द सामर्थ्य -303

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 3 | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | | ■ | | ■ | 11 | |
| | ■ | ■ | 12 | 13 | | 14 | | ■ |
| 15 | 16 | | ■ | | ■ | | ■ | 17 |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | | ■ | |
| 20 | | | | ■ | 21 | | ■ | |
| 22 | | ■ | | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 302 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्मृ | ति | ■ | पा | व | क | ■ | बे | ल |
| ■ | र | ज | नी | च | र | ■ | ■ | टट्टू |
| मु | स्का | न | ■ | न | म | की | न | ■ |
| सा | र | ■ | स | ■ | ■ | ट | ख | ना |
| फि | ■ | अ | जा | य | ब | ■ | रा | जा |
| र | च | ना | ■ | था | ल | ■ | ■ | य |
| ■ | ■ | धि | ■ | र्थ | ■ | स | मा | ज |
| उ | प | कृ | त | ■ | आ | वा | ज | ■ |
| ल्लू | ■ | त | ■ | ■ | ब | ल | रा | म |

बिगड़ सकती है राजनीतिक पार्टियों का समीकरण

# आदर्श आचार संहिता लगते ही चुनावी पारा सातवें आसमान पर

**कोरिया बैकुंठपुर।** आदर्श आचार संहिता का लगते हैं राजनीतिक पार्टियों का पारा चढ़ना शुरू हो गया है। जहां एक और भाजपा पूरे दम के साथ चुनाव में उतारने का प्रयास कर रही है तो वहीं कांग्रेस पार्टी भी चुनाव में ज्यादातर अपने प्रतिनिधियों को जीतने का प्रयास कर रही है। निश्चित तौर पर पार्टी समर्थित उम्मीदवार ही चुनाव जीतने के साथ ही शासन सत्ता में अपनी पकड़ बनाने में सफल होंगे। तो वहीं पूर्ववर्ती कोरिया जिले में कांग्रेस पार्टी के द्वारा अपने पूर्व विधायको को सांसद प्रतिनिधि बनाकर कांग्रेस पार्टी ने राजनीति की दिशा परिवर्तन करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। कांग्रेस पार्टी के द्वारा बनाए गए सांसद प्रतिनिधियों को लेकर आम जनता की विरोध का सामना करना पड़ सकता है। और इस विरोध का निश्चित तौर पर भाजपा समर्थित उम्मीदवारों को भरपूर फायदा हो सकता है। मामला चाहे जो भी हो लेकिन आदर्श आचार संहिता लगने के बाद निश्चित तौर पर राजनीतिक पार्टियों का पारा सातवें आसमान पर चढ़कर बोल रहा है हर गली और मोहल्ले में सिर्फ चुनाव का चर्चा जारी है यह तो आने वाला समय बताया कि किस पार्टी के उम्मीदवारों को ज्यादा फायदा हो सकता है।




## नगर की साफ सफाई में स्वच्छता दीदियों का अमूल्य योगदान



**कोरिया बैकुंठपुर।** नगर पालिका क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता दीदियों के माध्यम से डोर टू डोर जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें शहर की साफ सफाई में इन स्वच्छता दीदियों का बहुत बड़ा योगदान है। नगर पालिका बैकुंठपुर में 5 स्वयं सहायता समूह के लगभग 60 महिलाओं के द्वारा शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने का बीड़ा उठाया गया है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत इनको रिक्शा प्रदाय किया गया है। एवं यह महिलाएं स्वच्छता दीदियों के रूप में सुबह-सुबह घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही है। समूह की दीदियों ने बताया कि वे कचरा कलेक्शन कर एस एल आर एम केंद्र में जमा करती हैं यहां सुख और गीले कचरे को अलग-अलग कर उसका निस्तारण करती हैं एवं कचरे का रीसाइकलिंग कार्य भी करती हैं। इस संबंध में मुख्य नगर पालिका अधिकारी संजय दुबे ने बताया कि नगर पालिका में 5 महिला स्व सहायता समूह के महिलाओं के द्वारा कचरा कलेक्शन का कार्य कर रही है नगर पालिका क्षेत्र में निर्मित गौठानों एवं एसएलआरएम में अपशिष्ट प्रबंधन के तहत गीला कचरा और सूखा कचरा अलग किया जाता है इन स्वच्छता दीदियों द्वारा यूजर चार्ज भी लिया जा रहा है जिसमें प्रति घर 60 छोटे दुकान से 60 और बड़े दुकान से 120 रुपए प्रति माह लिया जाता है कचरा कलेक्शन के कार्य से समूह को नियत आए भी हो रही है।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधार तथा गर्म कपड़ों के वितरण के दिशा में कलेक्टर कोरिया की प्रशंसनीय पहल



**कोरिया बैकुंठपुर।** गत 20 जनवरी को कलेक्टर के निर्देशन पर जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षकों, जन सहयोग एवं याराना ग्रुप बैकुंठपुर के सहयोग से प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के 150 बच्चों को गर्म कपड़े स्वेटर इत्यादि का वितरण एवं न्यौता भोज का आयोजन किया गया। साथ ही शासकीय हाई स्कूल जामपानी में कक्षा दसवीं के प्री बोर्ड परीक्षा का निरीक्षण किया गया एवं बच्चों के अच्छे अंक प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के बच्चों से शैक्षिक संवाद के बाद बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन पर प्राथमिक शाला माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल में बच्चों में उत्तरोत्तर वृद्धि हेतु प्रयास किया जा रहा है। और बच्चों में शैक्षिक विकास हो भी रहा है। शासकीय हाई स्कूल जामपानी में मिशन 100 के तहत शिक्षकों को भी कुछ मार्गदर्शन दिया गया। कक्षा पांचवी तथा आठवीं के बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए भी मार्गदर्शन किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी के द्वारा मां सरस्वती के के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित एवं वन्दना किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार गुप्ता, सहायक संचालक प्रकाश तिवारी, प्राचार्य श्रीमती मनोरमा कुजूर, संकुल शैक्षिक समन्वयक कमलेश कुमार पांडे एवं बृजराज गिरी और शासकीय हाई स्कूल माध्यमिक शाला और प्राथमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ ग्राम से सरपंच पंच एवं गण मान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कोयला चोरों पर पुलिस की कार्यवाही, कोयला बोरी में भरकर मोटर सायकल से परिवहन करते पकड़ाए

**सूरजपुर।** डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर जिले की पुलिस अवैध कार्यो के विरूद्ध लगातार कड़ी कार्यवाही कर रही है। इसी परिप्रेक्ष्य में दिनांक 19.01.2025 के रात्रि में थाना रामानुजनगर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिला कि ग्राम साल्ही की ओर से काफी मात्रा में मोटर सायकल चालक के द्वारा अवैध रूप से कोयला परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामानुजनगर की पुलिस टीम ने ग्राम साल्ही चौक में घेराबंदी कर 1. सब्बीर पिता मो. सफीज उम्र 24 वर्ष ग्राम नारायणपुर 2. मोहित प्रजापति पिता राजेन्द्र प्रसाद उम्र 25 वर्ष ग्राम नारायणपुर 3. हिफाजल पिता मो. हफीज उम्र 28 वर्ष ग्राम नारायणपुर 4. जलसाय पिता स्व. धरमसाय उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 5. बाबुलाल पिता बलवंत सिंह उम्र 30 वर्ष ग्राम पतरापाली 6. देवशंकर पिता स्व. जगन राम उम्र 32 वर्ष ग्राम पतरापाली 7. बोधन सिंह पिता मदन साय उम्र 35 वर्ष ग्राम पतरापाली को मोटर सायकल में बोरी में कोयला भरकर परिवहन करते पकड़ा जो कोयला चोरी का होने के पूर्ण अंदेशा पर धारा 35(1-4)/303(2) बीएनएसएस के तहत कार्यवाही कर 14 बोरी कोयला एवं परिवहन में प्रयुक्त 7 नग मोटर सायकल जप्त कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी रामानुजनगर राजेन्द्र साहू व उनकी टीम सक्रिय रही।

## लापरवाही बरतने वाला पटवारी निलंबित

**अंबिकापुर।** शासकीय कार्यों में लापरवाही के चलते पटवारी नारायण सिंह पर गाज गिरी है. तहसील उदयपुर के हल्का पटवारी नारायण सिंह, जो हल्का नंबर-8 चैनपुर में पदस्थ हैं, उन्हें शासकीय कार्यों में लापरवाही और कदाचार के कारण निलंबित कर दिया गया है. यह कार्रवाई अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) उदयपुर ने की है.प्राप्त जानकारी के अनुसार, पटवारी नारायण सिंह पर ग्राम कवलगिरी के कृषक बंधन से रकबा संशोधन कार्य में लापरवाही एवं उदासीनता बरतने का आरोप है. साथ ही उन पर कृषक से एक हजार रुपये लेने का भी आरोप है. पटवारी का यह कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम, 1965 के नियम 03 (1) की कंडिका (ड) एवं (च) के विपरीत पाया गया. पटवारी का यह कृत्य शासकीय कार्यों में लापरवाही और उदासीनता को दर्शाता है, जो कदाचार की श्रेणी में आता है. इस मामले में छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के नियम 09 के तहत नारायण सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है.

## मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने वर्चुअल रूप से सीसी रोड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

**सूरजपुर।** ग्राम पंचायत केशर पंडोपारा विकास खंड ओड़गी में रामकेश पण्डो के घर से पंचायत भवन तक 269 मीटर सीसी रोड का भूमिपूजन केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के द्वारा वर्चुअल रूप से भूमिपूजन किया गया। सरपंच श्रीमती रामपति सिंह व केबिनेट मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के पति श्री ठाकुर राजवाड़े की उपस्थिति में संपन्न किया गया। मंत्री राजवाड़े के रायपुर प्रवास में होने के कारण वे वर्चुअल रूप से कार्यक्रम को संबोधित की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत केशर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

0(कोरिया) थैले में मिला नरमुंड, महिला का हो सकता है सिर

कोरिया, 20 जनवरी (आरएनएस)। सोमवार को सीएसईबी पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत पंप हाउस झोपड़ी पारा श्मशान घाट के पास पुराना फिल्टर हाउस हसदेव नदी में मछली पकड़ रहे छोटे-छोटे बच्चों को एक प्लास्टिक थैला बहते हुए मिला जिसे जिज्ञासावश बाहर निकालने पर थैली में एक मानव मुंडी मिली। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ फोरेंसिक विशेषज्ञ भी मौके पर पहुंचे। थैला खोलकर देखा गया तो उक्त थैले में एक मुंडी जिसमें बड़े-बड़े बाल थे कलाई का एक हिस्सा तथा एक पंजा जो काले मेरून कलर की कथरी या गद्दे के कवर में लपेटा था। जिसके साथ एक समीज एवं गुलाबी रंग का टाप मिला है जिसमें एक ओर लव अर्थ टोन्स और दूसरी ओर आथिया लिखा है। संभवत: 1.5 से 2 माह पूर्व की घटना हो सकती है। जिला कोरिया महेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर एवं कोरबा में पिछले चार माह पूर्व के ऐसे गुम इंसान जिसमें गुमशुदा महिलाओं के ऐसे मामले जिम जिम गुम इंसान दस्तयाब नहीं हुआ हो संबंधित थाना व्यक्ति पुलिस चौकी सीएसईबी से संपर्क कर सकते हैं। घटना के संबंध में मर्ग क्र. 13/25 कायम कर बाद पंचायतनामा पीएम के लिए रवाना किया गया है। कपड़े के आधार पर पता तलाश करने से महिला की पहचान हो सकती है ?

## आदर्श आचरण संहिता के दौरान जनदर्शन का आयोजन रहेगा स्थगित

**सूरजपुर।** राज्य में नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस दौरान आदर्श आचार संहिता प्रभावशील रहेगी। आदर्श आचार संहिता के लागू रहने के दौरान जिला कलेक्टोरेट में सप्ताह के प्रति सोमवार को आयोजित की जाने वाली जनदर्शन स्थगित रहेगी। चुनाव के पूर्ण से संपन्न होने और आदर्श आचार संहिता के समाप्ति के पश्चात् पुन: इसका आयोजन किया जाएगा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**रायपुर।** ग्राम जोता के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मृतक उमाकांत पाटकर 22 वर्ष निवासी जोता अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ट्रक क्रमांक सीजी 04 पीआर 2038 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार उमाकांत की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## निर्माणाधीन मकान से हजारों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** रविनगर राजातालाब स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने हजारों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी मोहम्मद सादिक 44 वर्ष रमन मंदिर के पास फाफाडीह का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि रविनगर राजातालाब स्थित निर्माणाधीन मकान से अज्ञात चोर ने सावर, नल, एसी का पाइप, तार व अन्य सामान पार कर दिया।

## कलेक्टर ने संपत्ति विरूपण के तहत कार्रवाई के दिये दिशा निर्देश

**सूरजपुर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर एस जयवर्धन ने नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर विभागों की बैठक ली। गौरतलब है कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा आज नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की घोषणा कर दी गई है। घोषणा के साथ ही राज्य भर में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है। बैठक के दौरान कलेक्टर जयवर्धन ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल संपत्ति विरूपण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में निर्वाचन शांतिपूर्ण एवं बेहतर तरीके से कराने के लिए राज्य निर्वाचन द्वारा जारी गाईडलाईन्स का शब्दश: पालन करने के निर्देश दिए हैं। जिसके परिपालन में राजस्व अधिकारी व संबंधितों द्वारा संपत्ति विरूपण की कार्यवाही जिले में शुरू कर दी गई है। सभी कार्यालय व सार्वजनिक स्थलों पर कार्यवाही की जा रही है।

## लंबित मामलों का निराकरण करने के साथ अपराध नियंत्रण पर ध्यान देने के लिए थाना व चौकी प्रभारियों को दिया गया निर्देश

**सूरजपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभाकक्ष में डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर द्वारा जिले के पुलिस अधिकारियों का क्राईम मीटिंग लिया, जिसमें थाना-चौकी के कार्यो, अपराध निकाल, प्रतिबंधात्मक व लघु अधिनियम व ऑपरेशन मुस्कान की समीक्षा कर परफारमेंश को जाना और लंबित अपराधों एवं शिकायत के निराकरण का ब्यौरा लेते हेतु निराकरण में और तेजी लाने, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों में पुलिस का खौफ बनाए रखने सख्ती के साथ तत्परतापूर्वक कार्यवाही करने, थाना क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु सूचना तंत्र मजबूत और पुख्ता करने के निर्देश दिए।



डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने टासकिंग पुलिसिंग पर जोर देते हुए प्रभारियों को कहा कि अपराध, शिकायत, सहित अन्य कार्यवाहियों को पूर्ण करने की समय सीमा खुद बनाए और उसे मजबूती के साथ पूरा करें इससे कार्यो में तेजी आयेगी और निकाल का प्रतिशत भी बढ़ेगा, सामाजिक बुराईयों, नशे व अवैध कारोबार पर सख्ती से पूर्णत: अंकुश लगाई जाए, दुर्घटना को पूरी तरीके से रोक पाना संभव नहीं है किन्तु एक्सीडेंट रोकने की दिशा में कार्यवाही एवं जागरूकता से कमी लाई जा सकती है इसके लिए बेहतर कार्य करें, शराब पीकर और ओव्हर स्पीडिंग कर यातायात नियमों की अनेदखी पर सख्ती से कार्यवाही करने, थाना प्रभारी खुद नागरिकों की समस्या शिकायत को सुने और निराकरण करें। जमीन संबंधी मामले की शिकायत पर फौरन कार्यवाही के साथ ही बाउन्ड ओव्हर की कार्यवाही कराने, स्थाई वारंट की तामीली में विशेष रूचि लेने के निर्देश दिए।

उन्होंने आदतन अपराधियों का निगरानी व गुण्डा बदमाश हिस्ट्रीशीट खोलने, अपराधों की रोकथाम के लिए सतत पेट्रोलिंग व प्रभावी रात्रि गश्त करने एवं अधिक से अधिक लघु व प्रतिबंधात्मक अधिनियम के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान डीएसपी मुख्यालय महालक्ष्मी कुलदीप, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसडीओपी प्रेमनगर नरेन्द्र सिंह पुजारी, डीएसपी अजाक पी.डी.कुजूर सहित जिले के सभी थाना-चौकी प्रभारी मौजूद रहे।

## नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव की तिथि घोषित, प्रशासन ने दलों की बैठक और प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तारीखों की घोषणा की गई। इस घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता राज्य भर में लागू हो गई है। नगरीय निकाय के चुनाव एक चरण तथा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में आयोजित किए जाएंगे। नगरीय निकाय के चुनाव 11 फरवरी तथा पंचायत चुनाव 17, 20 और 23 फरवरी 2025 को आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में आज कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रेस वार्ता एवं राजनीतिक दलों की बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नगरीय निकाय चुनाव एवं पंचायत चुनाव के तिथियों एवं विभिन्न जानकारियों से अवगत कराया गया।

गौरतलब है कि जिले में नगर पालिका सूरजपुर सहित 04 नगर पंचायत विश्रामपुर, भटगांव, जरही और प्रतापपुर मिलाकर कुल 05 नगरीय निकायों के लिए चुनाव आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव अंतर्गत प्रथम चरण में सूरजपुर जनपद एवं भैयाथान जनपद, द्वितीय चरण में प्रेमनगर जनपद एवं रामानुजनगर जनपद तथा तृतीय चरण में ओड़गी जनपद एवं प्रतापपुर जनपद में आयोजित किए जाएंगे। आयोग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार निर्वाचन की सूचना की प्रकाशन, सीटों के आरक्षण के संबंध में सूचना का प्रकाशन, मतदान केंद्रो की सूची का प्रकाशन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की तिथि नगरीय निकाय हेतु, 22 जनवरी एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 27 जनवरी 2025 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि नगरीय निकाय हेतु, 28 जनवरी एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 03 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के लिए नगरीय निकाय हेतु, 29 जनवरी एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 04 फरवरी 2025, अभ्यर्थिता से नाम वापिस लेने की तिथि नगरीय निकाय हेतु 31 जनवरी एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 06 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। इसके अलावा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करने, प्रकाशन करने और निर्वाचन प्रतीकों का आबंटन करने की तिथि नगरीय निकाय हेतु 31 जनवरी एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हेतु 06 फरवरी 2025 निर्धारित की गई है। मतगणना की कार्यवाही नगरीय निकाय हेतु 15 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके अलावा पंचायत चुनाव को लेकर मतदान एवं मतदान केंद्र पर की जाने वाली मतगणना 17,20 और 23 फरवरी तथा खण्ड मुख्यालय में की जाने वाली मतगणना 18,21 और 24 फरवरी निर्धारित की गई है। सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खण्ड स्तर पर 19, 22 और 25 फरवरी तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर 20, 23 और 25 फरवरी निर्धारित की गई है।

## महिला ने युवक को उतारा मौत के घाट

**रायपुर।** शारदा विहार कालोनी टेमरी में एक महिला ने युवक के सिर पर हथौड़ा से हमला कर हत्या कर दी। मामले में माना पुलिस ने आरोपिया के खिलाफ अपराध दर्ज कर हिरासत में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक संजय जांगड़े 36 वर्ष ग्राम बनरसी का रहने वाला था। बताया जाता है कि शारदा विहार कालोनी टेमरी में आरोपिया पुष्पा बंजारे 38 वर्ष किसी बात को लेकर संजय से विवाद किया और हथौड़ा से सिर पर वार कर हत्या कर दी। मामले में पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं आरोपिया को हिरासत में लिया है।

## रात्रि 10 बजे के बाद लाउड स्पीकर और डीजे बजाने पर होगी सख्त कार्यवाही

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन एवम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान सभी एसडीएम, तहसीलदार, पुलिस विभाग के अधिकारी व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इस दौरान जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में चर्चा की गई और संबंधित अधिकारियों को संयुक्त रूप से कार्य करने को कहा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सुरक्षा के पर्याप्त इंतज़ाम के लिए सभी अधिकारी सजग होकर कार्य करें। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पुलिस प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी अपने क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के द्वारा की जाने वाली वारदातों पर पैनी नजर रखें। किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति की संभावना को देखते ही त्वरित एवम सख्त कार्यवाही करें। कलेक्टर एवम पुलिस अधीक्षक ने 26 जनवरी, पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए विशेष मॉनिटरिंग करने, जिले में शांति बनाए रखने और सुरक्षा के विशेष उपाय करने के निर्देश दिए। आने वाले चुनाव को देखते हुए अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। सड़क सुरक्षा के संबंध में चर्चा करते हुए सड़क सुरक्षा के हरसंभव उपाय करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, सड़क यातायात में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग और विभिन्न सड़कों का निरीक्षण ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन करने और निर्मित सड़कों में किसी भी तरह की गड़बड़ी की पहचान करने के निर्देश दिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने सुरक्षा एवं यातायात सुचारु करने के लिए भी नियमित पेट्रोलिंग कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# कार्यकर्ताओं के दम पर पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव जीतेगें: रेणुका सिंह

### जनसम्पर्क कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें- पूर्व मंत्री एवं विधायक भईयालाल राजवाड़े



**कोरिया बैकुण्ठपुर।** त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में भाजपा जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं विधायक रेणुका सिंह, पूर्व मंत्री एवं भईयालाल राजवाड़े, चुनाव प्रभारी मुकेश तिवारी, जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल, जवाहरलाल गुप्ता, जिला चुनाव प्रभारी लक्ष्मण राजवाड़े, जिला उपाध्यक्ष शैलेष शिवहरे, रविशंकर शर्मा, राजेश सिंह,जिला महामंत्री विनोद गुप्ता, जिला कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, नगर पालिका अध्यक्ष नविता शिवहरे, रमेश जायसवाल जनपद अध्यक्ष सौभाग्यवती सिंह उपस्थित रहें। पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं भरतपुर-सोनहत क्षेत्र की विधायक रेणुका सिंह ने कहा कि, आगामी पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव स्थानीय कार्यकर्ताओं के लिए एक अच्छा अवसर है कार्यकर्ता चुनाव लड़कर जनप्रतिनिधि बनता है और सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वहन करेंगे। पूर्व मंत्री एवं विधायक भईयालाल राजवाड़े ने कहा कि, केन्द्र एवं राज्य सरकार के अनेक जनकल्याणकारी योजना क्रियान्वयन किया जा रहा है, हमे जनसम्पर्क कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। चुनाव प्रभारी मुकेश तिवारी ने कहा कि, आगामी चुनाव में हमें पूरे उत्साह के साथ चुनाव मैदान में जाना है और सरकार की योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाना है। इस चुनाव में पार्टी के अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को चुनाव मैदान में जनप्रतिनिधि बनने का सौभाग्य मिल रहा है, कार्यकर्ता पूरे ताकत में पार्टी समर्थित उम्मीद्वार को विजयी बनाना है। पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल ने कहा कि, पंचायत एवं निकाय चुनाव में केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में हितग्राहियों को लाभ दिलाना है। जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि, त्रि-स्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए कार्यकर्ता बूथ स्तर पर पूरे ताकत के साथ चुनाव के लिए तैयार है। आगामी चुनाव में हमारे पार्टी के कार्यकर्ताओं को स्थानीय सरकार में जनप्रतिनिधि बनाने का लक्ष्य बनाकर कार्य करेंगे। बैठक में मंच संचालन जिला महामंत्री विनोद साहू एवं आभार प्रदर्शन चुनाव प्रभारी लक्ष्मण राजवाड़े ने किया। बैठक में अनिता तिवारी, कमलेश यादव, सुनिता कुर्रे, चुन्नी पैकरा, वंदना राजवाड़े, अरूण जायसवाल, धर्मवती राजवाड़े, संगीता गुप्ता, कविता यादव, शिल्फा सिंह, जगदीश साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक, रामलखन यादव, दीपा विश्वकर्मा, किशोर सिरदार, संजय चक्रधारी, राजाराम राजवाड़े, मनेजर राजवाड़े, गायत्री सिंह, राम प्रताप मराबी, धीरेन्द्र विश्वकर्मा, कामतानात तिवारी, गोपाल राजवाड़े, सुखदेव राजवाड़े, सुरेन्द्र चक्रधारी, ईश्वर राजवाड़े, मनोज साहू, अनुराग दुबे, रमन गुप्ता, राजेन्द्र चक्रधारी, अवधबिहारी जायसवाल, उर्मिला सिंह, साक्षी सिंह, सीमा सिंह, झरमिला, प्रियंका सिंह, विमलचंद चेरवा, गीता साहू सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महापौर चुनने के लिए 2.67 लाख वोटर्स पात्र, 6 निकायों में यह संख्या 3.53 लाख

**कोरबा।** राज्य निर्वाचन आयोग ने तय किया है कि कोरबा सहित प्रदेश भर में नगरीय निकायों के चुनाव एक चरण में 11 फरवरी को संपन्न होंगें। आचार संहिता की घोषणा के साथ प्रशासन ने तैयारी आगे बढ़ा दी है। नगर निगम कोरबा में महापौर चुनने के लिए 2 लाख 67 हजार 103 मतदाता पात्र हैं। जबकि तीन नगर पालिका व दो नगर पंचायत में कुल 85 हजार 897 वोटर मौजूद हैं जो अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया को लेकर कलेक्टर अजीत वसंत ने आज सभागार में मीडिया से बातचीत की। उन्होंने बताया कि नगर निगम कोरबा के 67 वार्ड में 297 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। क्षेत्र में 133662 पुरुष और 133418 महिला, थर्ड जेंडर 23 मिलाकर 2 लाख 67 हजार 103 मतदाता हैं। नगर पालिका दीपका के 21 वार्ड में 30 मतदान केंद्र होंगें। यहां 21 हजार 611 मतदाता अधिसूचित हैं। जबकि नगर पालिका परिषद कटघोरा 15 वार्ड में 21 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। यहां 17 हजार 91 मतदाता पंजीकृत हैं। नगर पालिका के मामले में सबसे अधिक मतदाताओं की



संख्या बांकीमोंगरा में है जहां 36 हजार 302 मतदाता रजिस्टर्ड हैं। इनमें 18 हजार 360 पुरूष और 17 हजार 938 महिलाएं हैं। यहां के 30 वार्डों में मतदान कराने के लिए 47 पोलिंग बूथ की व्यवस्था की जा रही है। जबकि नगर पंचायत पाली में 4409 और नगर पंचायत छुरीकला में 6715 मतदाता वोटिंग के लिए अधिकृत हैं। कलेक्टर ने बताया कि इन सभी निकायों के लिए अधिसूचना का प्रकाशन 22 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से किया जाएगा। नामांकन इसी दिन से शुरू होगा और 28 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक चलेगा। नामांकन पत्रों की समीक्षा 29 जनवरी बुधवार को सुबह 10 बजे से शुरू होगी। जबकि अभ्यर्थी 31 जनवरी को दोपहर 3 बजे तक नाम वापस ले सकेंगे। 11 फरवरी को सुबह 8 से 5 बजे तक मतदान संपन्न होगा। वहीं 15 फरवरी को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी।

## 6 लाख एक हजार 784 मतदाता चुनेंगे ग्रामीण प्रतिनिधि

कोरबा जिले में जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच और पंच के चुनाव भी अगले महीने होने हैं। इनके लिए प्रक्रियाएं जारी हैं। प्रशासन की ओर से बताया गया कि ग्रामीण प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए जिले में कुल 6 लाख 1 हजार 784 मतदाता पात्रता सूची में हैं। जनपद पंचायत कोरबा में मतदाता संख्या 1 लाख 11 हजार 671, करतला में 1 लाख 16 हजार 329, कटघोरा में 83 हजार 228, पाली में 1 लाख 50 हजार 836 और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में 1 लाख 39 हजार 720 है। इन सभी विकासखंडों में महिलाओं की संख्या 3 लाख 5 हजार 555 और पुरुषों की संख्या इससे कम यानि 2 लाख 96 हजार 217 है। प्रशासन ने त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए कार्यक्रम घोषित किया है। प्रथम चरण में कोरबा और करतला जनपद के निर्वाचन होंगे। 27 जनवरी को अधिसूचना जारी होगी। 3 फरवरी तक नामांकन भरे जाएंगे और 4 फरवरी को जांच होगी। 6 फरवरी तक नाम वापस लिए जाएंगे और 17 फरवरी को मतदान पश्चात् अगले दिवस मतों की गिनती होगी। दूसरे चरण में पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में चुनाव होंगें। इसके लिए 27 को अधिसूचना और नामांकन 3 फरवरी तक होंगे। 4 फरवरी को जांच के बाद 6 फरवरी तक नाम वापसी और 20 फरवरी को मतदान होगा। 21 फरवरी को मतगणना होगी। वहीं तृतीय व अंतिम चरण में कटघोरा एवं पाली जनपद पंचायत के अंतर्गत चुनाव प्रक्रिया होगी। 27 जनवरी को अधिसूचना के बाद 3 फरवरी तक नामांकन पत्र भरे जाएंगे। 4 फरवरी को जांच और 6 फरवरी को नाम वापसी होगी। वहीं 23 फरवरी को मतदान की प्रक्रिया होगी और 24 फरवरी को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

## नामांकन के लिए देनी होगी इतनी राशि

निर्वाचन आयोग की व्यवस्था के अनुसार महापौर पद के अभ्यर्थी को नामांकन के लिए 20 हजार, नपा अध्यक्ष के लिए 15 हजार, नगर पंचायत अध्यक्ष के लिए 10 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है। निगम पार्षद के लिए 5 हजार, नपा पार्षद के लिए 3 हजार और नगर पंचायत पार्षद के लिए 1 हजार का शुल्क रखा गया है। वहीं जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए 4 हजार, जनपद पंचायत अध्यक्ष के लिए 2 हजार, पंचायत सरपंच के लिए 1 हजार रुपए की राशि निर्धारित की गई है। पंचायत में पंच का चुनाव लड़ने वालों को केवल 50 रुपए अदा करने होंगे। इसके अलावा इन पदों के लिए आयोग ने निर्वाचन व्यय सीमा भी तय की है।

## वाहन की ठोकर से हुलिया बिगड़ा बिजली खंभे का, विभाग का ध्यान नहीं



**कोरबा।** अमरैयापारा क्षेत्र में वाहन की जोरदार टक्कर से एक बिजली खंभा का पूरा हुलिया ही बदल गया । किसी प्रकार की जगह नहीं तो नहीं हुई लेकिन बिजली तार काफी नीचे आ गए इसलिए डर बना हुआ है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि सीएसईबी व्यवस्था को सही सलामत करें ताकि आशंकाओं को दूर किया जा सके।

अमरैयापारा में रेल लाइन के किनारे इस तरह का नजारा लोगों के ध्यान में आया। बताया गया कि शिव मंदिर के पास यह बिजली खंभा लगा हुआ है जिसे रात्रि में अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी और फिर चालक भाग खड़ा हुआ। टक्कर का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सीधा खड़ा हुआ बिजली खंभा बीच से पूरी तरह मुड़ गया है। इस स्थिति में दूसरे खंबे से यहां तक लगाए गए बिजली तार पर असर पड़ा और काफी नीचे आ गए हैं। स्थानी लोगों ने बताया कि इस वजह से अप्रिय घटना होने की आशंका बनी हुई है और उनका यह डर स्वाभाविक है। नागरिकों ने पार्षद और बिजली विभाग की जानकारी में इस मामले को लाया है। लोगों का कहना है कि जितनी जल्द हो सके, यहां की यह तस्वीर बदलने के लिए काम किया जाना चाहिए।

## महिलाओं को निशुल्क मिलेगा ई-रिक्शा व वाहन प्रशिक्षण

**कोरबा।** स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया की इकाई आरसेटी के द्वारा महिलाओं को ई रिक्शा के साथ-साथ चार पहिया वाहन चालन का प्रशिक्षण निशुल्क रूप से दिलाने की व्यवस्था की गई है प्रशिक्षण लेने वाले आवेदक 26 जनवरी तक हाउसिंग बोर्ड रोड स्थित संस्था के कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं। संचालक ने बताया कि आवेदन के साथ संबंधित को पांच पासपोर्ट फोटो, परिचय पत्र, बीपीएल राशन कार्ड और अंक सूची की छाया प्रति जमा करनी होगी। प्रशिक्षण के लिए आवेदक का बीपीएल कोटे से होना जरूरी है । प्रशिक्षण की अवधि 30 दिन की होगी जिसमें संबंधितों को निशुल्क आवास और भोजन की सुविधा परिसर में दी जाएगी। बताया गया की 27 जनवरी से प्रशिक्षण शुरू होगा और 25 फरवरी तक चलेगा।

# संसदीय दल के गेवरा दौरे में न हो उलझनें, तैयारी में जुटा प्रशासन

### कुछ मसलों को लेकर गतिरोध बना है गेवरा में

**कोरबा।** साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की बड़ी परियोजना में शामिल गेवरा का दौरा करने के लिए 22 जनवरी को एक संसदीय दल पहुंच रहा है। वरिष्ठ सांसद अनुराग सिंह और प्रहलाद पटेल इसका नेतृत्व करेंगे। दल में लगभग 20 सांसद शामिल है। पहली बार इतनी संख्या में कोई संसदीय टीम गेवरा परियोजना का दौरा करने के लिए कोरबा जिले में पहुंच रही है।

बताया जा रहा है कि गेवरा कोल माइंस से 72 मिलियन टन कोयला प्रतिवर्ष उत्पादन करने की योजना है ।विस्तारित योजना के अंतर्गत इसे शामिल किया गया है। साथ ही कई रेल प्रोजेक्ट ही यहां से होकर आगे निकलना है। इस नाते आने वाले समय में इसका महत्व बढ़ने वाला है। इससे पहले कई प्रकार की चुनौतियां से निपटने को लेकर जरूरी तैयारियां की जानी है। बताया गया कि संसदीय दल का दौरा इसी कड़ी में हो रहा है जो कोयला कंपनी और प्रशासन से मिलकर अनेक बिंदुओं पर चर्चा करेगा। इसके जरिए कई प्रकार की बुनियादी समस्याओं का समाधान तलाशने की कोशिश की जाएगी। संसदीय दल के द्वारा गेवरा विजिट के बाद अपनी रिपोर्ट ऊपर दी जानी है। इस नाते भी इस दौरे को काफी गंभीरता से लिया जा रहा है। सांसदों के गेवरा दौरे के अंतर्गत किसी प्रकार की समस्याएं खड़ी ना हो, यह कंपनी प्रबंधन के सांसद प्रशासन के लिए भी चुनौती का विषय है। इसलिए आज प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने गेवरा पहुंचकर संसदीय दल के विकसित को लेकर जरूरी बैठक की। इस दौरान सुरक्षा संबंधी पहलुओं को भी शामिल किया गया। याद रहे पिछले कुछ दिन से गेवरा में लैंड होस्टेस के द्वारा विभिन्न मसलों को लेकर गतिरोध पैदा किया जा रहा है जिससे प्रबंधन की मुश्किल बड़ी हुई है।

## दावेदारों की सूची बनाने कई मंडलों में बैठक आज

**कोरबा।** नगर निकाय चुनाव की तारीख की घोषणा होते ही आज दावेदारों के नामों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए मंडलों में बैठक बुलाई गई है। संभागीय कार्यशाला में मंडल अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि दो दिन के भीतर नामों की सूची जिला कार्यसमिति को जमा करें। इस तारतम्य में आज कटघोरा नगर पालिका परिषद की भाजपा प्रभारी हर्षिता पांडेय का कटघोरा आगमन हो रहा है। उनके द्वारा नामों की सूची बनाने के लिए बैठक ली जाएगी। इस बैठक में मंडल अध्यक्ष अभिषेक गर्ग, धन्नू दुबे, राजेंद्र टंडन सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल होंगे। कटघोरा नगर पालिका परिषद में कुल 15 वार्ड आते हैं। इन 15 वार्डों को पांच भागों में बांटते हुए नाम लिए जाएंगे। इसी तरह आज कोसाबाड़ी नगर मंडल की बैठक होगी। जिसमें मंडल अध्यक्ष सहित अन्य सदस्य नामों की सूची तैयार करेंगे। कोसाबाड़ी नगर मंडल में कुल 18 वार्ड आते हैं। इसी तरह कोरबा नगर मंडल के अंतर्गत आने वाले 17 वार्डों के नामों के लिए कल ही सूची बना ली गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा, परविंदर सिंह, युगल कैवर्त उपस्थित थे। सर्वमंगला नगर मंडल के अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने बताया कि उनके मंडल में 9 वार्ड आते हैं। नामों की सूची जिला कार्य समिति को दी जाएगी। बालको नगर मंडल के अध्यक्ष डिलेंद्र यादव भी नामों की सूची कल भाजपा कार्यालय में जमा करेंगे।

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्योति ने भाजपा से की महापौर के लिए दावेदारी



**कोरबा।** वरिष्ठ भाजपा नेत्री और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ज्योति वर्मा ने नगर निगम कोरबा से महापौर पद के लिए दावेदारी पेश की है। इससे पहले वे भाजपा महिला मोर्चा, मंडल सहित कई दायित्वों को सफलतापूर्वक निभा चुकी है।

पहली बार निकाय चुनाव के लिए दावेदारी करने वाली ज्योति वर्मा ने कहा कि कोरबा के समग्र विकास, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना उनकी प्रतिबद्धता है। उनकी दावेदारी का स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। भाजपा की परिपाटी रही है कि वह जमीन से जुड़े कार्यकर्ता को महत्व देती रही है। ऐसे में ज्योति वर्मा को लेकर संभावनाएं मजबूत हो रही है। संगठन सूत्रों का कहना है कि उनकी दावेदारी से संगठन को बेहतर विकल्प मिल सकता है। मिनीमाता गर्ल्स कॉलेज की जनभागीदारी समिति के सदस्य के रूप में 10 साल तक का कर चुकी ज्योति धर्मवाहिनी की जिला उपाध्यक्ष रह चुकी हैं। वर्ष 1984 से भाजपा की सक्रिय सदस्य ज्योति वर्मा 1986 में महिला मोर्चा में सशक्त भूमिका में आईं। जिले में महिला संगठन को खड़ा करने में उनका खास योगदान रहा। 1986 में महिला मोर्चा कोरबा मंडल अध्यक्ष बने के बाद उन्होंने जिला उपाध्यक्ष और महिला मोर्चा उपाध्यक्ष की भूमिका आगामी वर्षों में निभाई। 2001 में प्रदेश कार्यकारिणी समिति का सदस्य उन्हें नियुक्त किया गया। 2006 में वे प्रदेश महिला मोर्चा कार्यसमिति की सदस्य बनीं।

उच्च शिक्षित होने के साथ-साथ अन्य सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर काम करने से उन्होंने अपनी एक अलग पहचान क्षेत्र में बनाई है। ज्योति वर्मा को चार दशक से भी ज्यादा समय का राजनीतिक अनुभव है। संगठनात्मक क्षमता के बलबूते उन्होंने कई काम जिले में किए हैं और इसी आधार पर नगर निगम कोरबा से महापौर पद के तौर पर पार्टी प्रत्याशी के लिए दावेदारी की है। उन्होंने कहा कि अगर शीर्ष नेतृत्व विचार करता है तो वे निष्ठापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करनें में सफल होंगीं।

## सराही जा रही महाकुंभ की व्यवस्था

**कोरबा।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में पहुंचकर कोरबा जिले के हजारों लोग पुण्य स्नान का लाभ प्राप्त कर चुके हैं। यहां लौटकर लोगों ने बताया कि सरकार की ओर से पहली बार काफी अच्छे प्रबंध किए गए हैं जिससे सबकुछ सहज हो गया है।

## चुनाव की रणनीति पर चर्चा करेंगे रत्नाकर

**कोरबा।** बसपा के प्रदेश प्रभारी दाऊराम रत्नाकर का आज कोरबा आगमन हो रहा है। वे निहारिका क्षेत्र स्थित कार्यालय में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। इस बैठक में नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में चर्चा की जाएगी। इस आशय की जानकारी देते हुए बाबूलाल टंडन ने बताया कि कोरबा जिले के सभी निकायों में चुनाव कराने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में जिलाध्यक्ष फूलचंद सोनवानी, जितेंद्र बंजारे, सत्यजीत कुर्रे, कन्हैया चौहान, ए.डी.जांगड़े, एस.आर.निराला, जगतरात राठिया सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। नगर पालिक निगम क्षेत्र कोरबा के वार्डों में दावेदारों के नाम सामने आए हैं। उसकी सूची बनाई जा रही है। जिसका दो दिनों के भीतर अंतिम रूप दिया जाएगा।

# छोटी गाड़ियां फस रही शारदा विहार फाटक पर, दुर्दशा से प्रबंधन बेखबर



### रेलवे और उद्योग प्रबंधन एक-दूसरे पर टाल रहे बला

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल और भारत अल्युमिनियम कंपनी के प्लांट को कोयला भेजने के लिए जो रेलवे ट्रैक बिछाया गया है, उसके अंतर्गत शारदा विहार रेलवे सड़क समपार की दुर्दशा के चलते लोग परेशान हैं। हर दिन यहां कई अवसर पर छोटी गाड़ियां फस रही हैं। चिंता इस बात को लेकर है कि अगर रेलवे क्रॉसिंग में दुर्दशा को ठीक नहीं किया जाता है तो कभी भी गंभीर हादसा हो सकता है।

कुछ समय पहले ही रेलवे क्रॉसिंग के सुधार कि श्रंखला में जरूरी काम कराए गए थे लेकिन उसके बाद फिर रेलवे ने दूसरे काम के लिए यहां जबरदस्त खुदाई कर दी जिससे स्थिति खराब हो गई। बारिश के दिनों मैं लोगों को समस्याओं से जूझना पड़ा। कई बार यहां पर अप्रिय स्थिति पैदा हुई। तब अक्टूबर महीने में शारदा विहार की महिला समिति ने अपने स्तर पर चंदा किया और रेलवे क्रॉसिंग पर हुए गड्ढों को बांटने के लिए मिट्टी व अनुपयोगी सामान को डलवाया जिससे काफी हद तक राहत हुई। कुछ समय के बाद अब एक बार फिर से शारदा विहार रेलवे क्रॉसिंग में बड़ी संख्या में की उपस्थिति हो गई है जिसके चक्कर में आए दिन छोटी बड़ी गाड़ियां फस रही हैं। ऐसे में वाहन चालकों को गिरने का डर भी सता रहा है। लोगों ने आपत्ति जताई है कि इस पूरे मामले को लेकर रेलवे अपनी जिम्मेदारी दूसरों पर डाल रहा है और दूसरे प्रबंधन कह रहे हैं कि यह काम हमारा नहीं बल्कि रेलवे का है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर हफ्ते भर के भीतर रेलवे क्रॉसिंग से जुड़ी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है तो वह पुलिस और दूसरे स्तर पर अधिकारियों की शिकायत करेंगे ताकि उन्हें सबक मिले।



## प्रभातफेरी निकाली, दिया शोभायात्रा का न्योता

**कोरबा।** अयोध्या में निर्मित राम मंदिर के प्रथम प्रतिष्ठा दिवस के उपलक्ष्य में अनेक स्थान पर कार्यक्रम किए जा रहे हैं। शारदा विहार शिव मंदिर से 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। लोगों को आमंत्रित करने के लिए स्थानीय नागरिकों ने प्रभातफेरी निकाली। विभिन्न क्षेत्रों में भजन-कीर्तन करते हुए लोगों को आयोजन के संबंध में अवगत कराया गया। संयोजक ने बताया कि 22 जनवरी को निकलने वाली शोभायात्रा में कई प्रकार के आकर्षण होंगे। इस कार्यक्रम को लेकर क्षेत्रवासियों में काफी उत्साह बना हुआ है।

## राशन के लिए चक्कर लगाने की मजबूरी

**कोरबा।** जिले के करतला विकासखंड की पंचायत फतेगंज में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत लोगों को दिया जाने वाला सरकारी चावल पिछले दो महीने से नहीं मिल सका है। गांव की पीडीएस दुकान के संचालक के द्वारा इस बारे में स्पष्ट जानकारी लोगों को नहीं दी जा रही है ग्रामीण थक्कर लगाकर थक चुके हैं। अब उन्होंने साप्ताहिक जनदर्शन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई ।

## दावेदार देंगे नाम

**कोरबा।** पंचायत चुनाव के लिए भाजपा की बैठक शुरू हो गई है। आज करतला नगर मंडल में दावेदारों को बुलाया गया है। इनकी नामों की सूची बनाकर जिला को दिया जाएगा। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष आकाश सक्सेना ने जानकारी देते हुए बताया कि करतला मंडल के अध्यक्ष रामकुमार गभेल के द्वारा आज बैठक रखी गई है। जिसमें सभी दावेदारों को बुलाया गया है। कुदमुरा मंडल में भी अध्यक्ष बृजलाल राठिया के द्वारा बैठक ली जाएगी। बरपाली नगर मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू के द्वारा दो दिन पहले ही बैठक ली गई है और सूची बनाकर भेज दिया गया है। भिलाई बाजार के मंडल अध्यक्ष दिनेश राठौर ने भी कार्यकर्ताओं की बैठक बुलाकर नाम तय किए।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com